One last sentence. Your Bureau of Employment Statistics, index preparing and all that is in Simla. It has been so long there because they have been saying that they do not find any place either in Delhi or anywhere in the whole country. They are on the sylvan heights of Simla. Is it not high time that you think of bringing them down to earth? If you do not have any place, then come to Nagpur, a centrally situated place or Hyderabad...

SHRI VAYALAR RAVI: Or Akola.

SHRI VASANT SATHE: Yes, for that matter, Akola.

Therefore, I would submit that this thing also should be considered.

Thus, in totality I will end by saying your Labour Ministry is a very important Ministry. There is a study group, a Sub-committee and the infrastructure is there. Let us get down to the task of mass employment in producivity. That must be the slogan, maximum number of people in this country, a work force getting productive work in their houses, in their homes, in their cottages. If this is the slogan and control marketing, don't leave it, the entire marketing activity in this country must come under the regulation, under the umbrella of some National Marketing Corporation or whatever you may call it, and bring even the private traders into the discipline. Without this, we will not be able to solve the problem of unemployment in this country.

Thank you, Sir, for giving me this opportunity to speak.

PROF. SHIBBAN LAL SAKSENA (Maharajganj): I bg to move:

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Failure to implement the assurance of the former Minister late Shri Kumaramangalam that the Gorakhpur Labour Depot will continue to provide labour to coal mines and other undertakings (1).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Failure to review the proposal to give away two hospital wards of the Gorakhpur Labour Depot to U.P. Government when the labour depot badly needs them for serious patients (2).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Prof. Shibban Lal Saksena]

[Failure to bear 50 per cent of the expenditure on running the six medical centres for welfare of ex-coal miners and their families in Gorakhpur Depot (3).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Failure to reinstate one thousand dismissed labourers of Mahabir Jute Mills Sahjanwa, District Gorakhpur (5).]

SHRI P. RAJAGOPAL NAIDU (Chittoor): I beg to move:

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Failure in enforcing labour laws (14).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Failure to prevent the Management of Indian Express in Delhi from closing its concern (15).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Long delays occuring in settling industrial disputes (16).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Need to implement the minimum wages for agricultural labour in rural areas (17).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Need to prevent accidents in mines (18).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Need to modernise the mines rescue services (19).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Need to spend more money for labour welfare (20).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Need to appoint labour officers in industrial institutions as per the provisions of the Act (21).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Need to implement the Employees Provident Fund Act correctly (22).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Need to spend Central Coal Mines Rescue Station Funds profitably (23).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Need to register artisans and skilled workers like masons in Employment Exchanges (24).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Need to provide houses to all factory labourers (25).]

SHRI K. A. RAJAN (Trichur): I beg to move:

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Failure to clear all dues of workers of the money deducted from them under the CDS (26).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Delay in setting up the Committee to go into the question of a new industrial relations law for the country (27).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Failure to ensure payment of minimum bonus at 8.33 per cent (28).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Failure to extend the right of bonus to all employees of the public sector undertakings and the railways (29).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Need to revamp the ESIS and to check the malpractices of the administration and the medical personnel (30).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Need to associate labour at all stages of the discussion of the Sixth Plan (31).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Need to end the delays in clearance of provident fund dues (32).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Need to undertake measures to clear lobour disputes by toning up the conciliation and industrial relations machinery at all levels (33).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Need to evolve a method of recognition of unions by means of secret ballot (34).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced to Re. 1."

[Failure to take steps to reopen the units which have been under closure ,look-out or partial closure and ensure protection of employment to the workers (36).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced to Re. 1."

[Failure to take penal action against all employers who have closed down or locked out their concerns thereby affecting employment and production (37).]

"That the demand under the head 'Labour and Employment' be reduced by Rs. 100."

[Need to check widespread malpractices in the Labour Exchanges throughout the country (42).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Delay in evoloving a national wage policy and ensuring a national need based minimum wage (94).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Failure to ensure minimum 8.33 per cent bonus in both private and public sectors (95).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Shri K. A. Rajan]

[Failure to honour the agreement signed between management and employees of the LIC (96).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Failure to evlove a scheme to provide employment to the bonded labour who have been released (97).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Need to speed up implementation of the Bonded Labour System (Abolition) Act (98).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Failure to settle the issues facing the employees of Jaipur Ddyog Limited (99).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Failure to resolve the problems facing the employees of Punjab National Bank regarding the promotion policy settlement of clerks and Special Assistants (100).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Need to establish and set up fair price shops for essential commodities at lower prices in all industrial enterprises for the welfare of workers (101).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Need to take more stringent action against employees who default in payment of E.S.I. and E.P.F. dues (102).]

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN (Coimbatore): I beg to move:

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Need to settle demands of the workers of the Glaxo Limited, Bombay and to order reinstatement of the victimised workers (35).]

SHRI N. SREEKANTAN NAIR (Quilon): I beg to move:

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Discrimination against the employees of the public sector in referring industrial disputes for adjudication (92).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced to Re. 1."

[Giving full veto power to the employing Ministries and Departments to refer industrial disputes which the Labour Ministry considers just and fair (93).]

SHRI VAYALAR RAVI (Chirayinkil): I beg to move:

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Discrimination against the employees of the public sector in referring industrial disputes for adjudication (103).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Giving full power to the concerned Ministries of the public sector undertakings to veto any decision to refer the industrial disputes for adjudication as and when the Labour Ministry feel it right (104).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Failure to declare 8 1|3 per cent Bonus to all workers (105).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Failure to declare Bonus as a deferred wage (106).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Failure to make ESI scheme acceptable to workers (107).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Failure to give better medical benefits as compared to ESI scheme (108).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Functioning of ESI Scheme and its failure to provide better medical facilities to workers (109).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Failure to accept the demand of workers of Instrumentation Ltd., Palghat for exemption from ESI Scheme (110).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Failure to check the growing unrest among workers (111).]

"That the demand under the head 'Ministry of Labour' be reduced by Rs. 100."

[Failure to enact comprehensive legislation on labour disputes (112).]

श्री रामधारी शास्त्री (पदरौना) : मान्यवर, मैं माननीय श्रम मन्त्री जी द्वारा प्रस्तावित श्रम की मांगों का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। इस के साथ ही मैं अपने वरिष्ठ साथी माठे साहब को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने कुछ बहुत अच्छे सुझाव दिये हैं।

मान्यवर, जनता पार्टी के शासन से पहले लगभग 19-20 महीनों तक सारे देश में एक विशेष शासन व्यवस्था रही और उस काल में यदि सब से ज्यादा किसी के साथ ज्यादती हुई तो वह इस देश का मजदूर वर्ग है। यहीं नहीं कि उन को उसी स्थान पर रखा गया, बल्कि यह भी हुआ कि पिछली सरकार के बनाये हुए कानून के मुताबिक जो उन को बोनस 8.33 परसेंट मिलता था, उस को भी घटा कर 4 परसेंट कर दिया गया। इतना ही नहीं यह चार परसेंट भी कारखानेदारों की मर्जी पर छोड़ दिया गया, यदि उन को कारखाने में मुनाफा होता है, तब उन्हें वह बोनस मिलेगा, और मुनाफा नहीं होता है तो बोनस नहीं मिलेगा। यही नहीं—हमारी तरफ बहुत सी चीनी मिलें हैं, उन मिलवालों ने न केवल उन का बोनस रोका, बल्कि उन की तनख्वाहें भी प्राइस इण्डक्स के आधार पर 40 रुपये से 45 रुपये महीने तक कम कर दीं। इस एमर्जेन्सी के दौरान यदि किसी को सब से ज्यादा कष्ट हुआ है तो वह कारखानों का मजदूर है।

मैं आज माननीय मंत्री जी को चेतावनी देना चाहता हूं—उन के ऊपर आज एक बड़ा भारी बोझ आ पड़ा है। सारे देश में जो एक बड़ा भारी असंतोष था, जनता पार्टी की सरकार के निर्माण के बाद लोगों को एक आशा बन्धी है। मैं नहीं जानता कि उन की आशाओं को किस

[श्री रामधारी शास्त्री]

सीमा तक पूरा करने में आप सफल होंगे, लेकिन मुझे विश्वास है कि श्रम मंत्री जी अपनी डाइनमिक पर्सेनलिटी से इस तरह के नियम बनायेंगे, इस तरह की व्यवस्था करेंगे जिस से मजदूर वर्ग में जो असन्तोष व्याप्त है, वह समाप्त हो। आप की सरकार धीरे धीरे उन की समस्याओं का समाधान करेगी। मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि अब जनता ज्यादा इन्तजार करने वाली नहीं है—इस लिए बहुत तेजी से आप को इस तरफ़ ध्यान देना चाहिए।

जब आपने चुनाव घोषणा पत्र तैयार किया था—तो अंग्रेजी के चुनाव घोषणा पत्र के पृष्ठ 17 पर जहां आप ने दूसरी बातों का उल्लेख किया, वह यह प्रतिज्ञा भी आप ने की थी कि :—

Janata Party's economic programme envisages deletion of property as a Fundamental Right.

2. Affirmation of the right to work and full employment strategy.

यह बड़ी भारी प्रतिज्ञा है, कोई छोटा काम नहीं है कि सरकार जनता के फन्डामेंटल राइट्स में यह बात जोड़ दे कि प्रत्येक व्यक्ति को काम का अधिकार है और उन को काम देने की जिम्मेदारी सरकार की है, सब को पूरा-पूरा काम मिलेगा। यह एक गुरुतर भार है जो इस सरकार को अपने ऊपर उठाना है।

साठे साहब ने कुछ फिगर्स कोट कर के यह साबित करने की कोशिश की कि इस देश में बेकारों की बहुत बड़ी तादाद है। रोजगार दफ्तरों की फिगर्स से यह स्वयं सिद्ध बात है। लेकिन साठे साहब पूरी फिगर्स नहीं दे सके। आज देहातों और शहरों में जो पढ़े-लिखे लोग हैं, वे रोजगार दफ्तरों में अपना नाम लिखाने नहीं जाते—यदि सब को इस में शामिल किया जाये तो यह संख्या बहुत ज्यादा है। मैं इसके बारे में कुछ सुझाव आप के सामने रखना चाहता हूं। साठे साहब ने ठीक ही कहा है कि काटेज उद्योग फैलाऐ जाए, छोटे-छोटे उद्योग फैलाए जाऐ, ग्रामीण उद्योगों को कायम किया जाय; लेकिन मेरा सबमिशन है कि क्या हम इनके लिये प्रतीक्षा करते रहेंगे? मैं आप के माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं—क्या हम कई साल तक इन बातों की प्रतीक्षा करेंगे—कि अगले दो-तीन सालों में जब काटेज उद्योग कायम हो जायेंगे तब बेकारी की समस्या का समाधान हो जाएगा? लेकिन मैं समझता हूं कि जिस प्रकार पहले की सरकार ने दूसरी, तीसरी, और चौथी योजना में इस समस्या को भूला दिया कहीं ऐसा न हो कि यह समस्या आपके बूते से भी बाहर हो जाए। मैं संकेत करना चाहता हूं कि यह बेकारी की समस्या किस हिसाब से बढ़ रही है। मेरे पास रोजगार दफ्तरों के आंकड़े हैं इनसे यह सिद्ध होगा कि यह समस्या कहां तक पहुंच गई है।

सन् 1950 में केवल 3 लाख 33 हजार लोगों ने रोजगार दफ्तरों में अपने नाम दर्ज कराए थे। 1955 में यह संख्या बढ़ कर 6 लाख 92 हाजर, 1960 में 16 लाख, 1965 में 25 लाख, 1969 में 34 लाख से कुछ ज्यादा, 1973 में 82 लाख, 1974 में 84 लाख, 1975 में 93 लाख से कुछ ज्यादा और 1976 में 97.7 लाख हो गई। बेकारी बेरोज़गारी जिस तेजी से बढ़ रही है, उसको देखते हुए अगर हम यह सोचें कि काटेज इंडस्ट्रीज खोल कर इस समस्या का समाधान कर लेंगे और तब तक हम उसके लिए प्रतीक्षा करते रहें तो इससे काम चलने वाला नहीं है जब तक यह सब कुछ होगा तब तक बेकारी की समस्या इतनी बढ़ जाएगी कि जिस प्रकार से इस समस्या पर पिछली सरकार नियंत्रण

नहीं पा सकी, उसी प्रकार से इस सरकार के लिए भी इस समस्या पर काबू पा सकना असम्भव हो जाएगा। फिर आप सोचेंगे कि अब क्या करें।

मान्यवर हमारे देश में जितने कारखाने हैं उनमें जो आदमी काम पर लगे हुए हैं, जिन के बारे में माननीय साठे साहब ने भी फिगर्स दी हैं जो कि ठीक ही हैं, उनके बारे में जो आंकड़े उपलब्ध हैं वे इस प्रकार हैं -- सरकारी क्षेत्र के कारखानों में एक करोड़ 34 लाख 20 हजार और गैर-सरकारी क्षेत्र के कारखानों में 67 लाख 19 हजार लोग काम पर लगे हुए हैं। इन दोनों क्षेत्रों में जो आरगेनाइज्ड लेबर है वह सब मिलाकर दो करोड़ से कुछ ज्यादा है। पिछले दिनों उद्योग मंत्री जी ने भी स्वीकार किया है कि हमारे यहां बेकारों की संख्या चार करोड़ से कम नहीं है, चार करोड़ से ज्यादा ही होगी। मान्यवर बेकारों के बढ़ने की जो गति है उसमें इस समस्या के समाधान के लिए क्या इन्तजार किया जा सकता है।

मैं सरकार से और माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि कोरे नारे लगाने से काम चलने वाला नहीं है। ये जो बड़े-बड़े कल-कारखाने है, जो बड़े बड़े मुनाफे कमाते है, उनके ऊपर भी आपको हाथ लगाना पड़ेगा। इसके साथ ही आप छोटे-छोटे उद्योगों को विकसित करें। लेकिन इन सबके करने के बावजूद भी आपको एक काम मजबूती के साथ करना पड़ेगा वह यह है कि कारखानों में काम के घण्टों में कमी। इसके सिवाय इस देश की बेकारी की समस्या का और कोई सोल्यूशन नहीं है।

हिन्दुस्तान में आठ घंटे जो वर्किंग डे हैं, उसको घटाकर आपको 6 घंटे का वर्किंग डे करना पड़ेगा। तभी जाकर इस समस्या का समाधान हो सकेगा। इस पर बहस हो सकती है, अर्थशास्त्री इस पर कुछ विवाद उठा सकते हैं कि इससे कास्ट आफ प्रोडक्शन बढ़ जाएगा। हो सकता है कि एकाध पैसा कास्ट आफ प्रोडक्शन बढ़ जाए लेकिन बढ़ती हुई बेकारी के लिए यह ज्यादा नहीं होगा। मैं मंत्री जी के ध्यान में इन काम के घंटों का इतिहास लाना चाहता हूं। सबसे पहले 1908 में जब फैक्ट्री लेबर कमीशन बैठा तो अंग्रेजों को इस बात की जानकारी हुई कि उस जमाने में एक श्रमिक 13 से 15 घंटे काम पर लगता हैं। उस जमाने में कमीशन ने यह शिफारिश की कि 12 घंटे का काटन मिलों में प्रयोग किया जाये। 1911 में यह प्रयोग सफल रहा। काम की दृष्टि से उत्पादन की दृष्टि से, सभी दृष्टियों से वह प्रयोग सफल रहा। उसके बाद 1922 में फिर सुधार हुआ। 1922 में साठ घंटे प्रति सप्ताह काम के किए गए। उससे भी उत्पादन में में वृद्धि हुई कोई घाटा नहीं हुआ। यह भारत के कारखानों का रिकार्ड सो करता है। 1929 में एक कमीशन बैठा जिसने अपनी रिपोर्ट 1931 में दी। मोटे तौर पर उसको व्हिटले कमीशन की संज्ञा दी जा सकती है। अपने अनुभव के आधार पर उसने यह सिफारिश की :—

"But there can be little doubt that following the change on the average, the efficiency of the operation has risen substantially."

उसके बाद उसने और सिफारिश की:—

"The existing weekly and daily limits be reduced to 48 and 8 respectively and that provision be made for adequate rest period etc...."

उसके बाद अपनी राय जाहिर की :

"They believe that, within a reasonable period of time, it would result in increased efficiency and would be a sound economic proposition."

[श्री रामधारी शास्त्री]

रायल कमीशन आन लेबर की भी रिपोर्ट है। वह 1931 में बैठा था। उसकी राय पर अमल करते हुए सबसे पहले 1934 में हिन्दुस्तान में फैक्ट्री ऐक्ट बना। उसके बाद 1948 में माडिफिकशन करके फैक्ट्री एक्ट बना। 1936 में सबसे पहले हिन्दुस्तान के कारखानों में आठ घंटे काम के निर्धारित हुए। इसके बाद मजदूर यूनियनों के माध्यम से यह चीज चलती रही। 1966 में नेशनल कमीशन आन लेबर बैठा। उसने अपनी रिपोर्ट 28 अगस्त, 1969 को भारत सरकार को सबमिट की। आई एल ओ की सिफारिशों के आधार पर उसने यह राय दी थी काम के घंटे कम किए जाएं। उसकी रिकमेंडेशन में यह सिफारिश की गई :

"In the first stage, the working hours should be brought down to 45 a week and, in the second, 40 a week."

अपनी रिपोर्ट के पेज 104 में उसने अपनी यह राय जाहिर की है। दुनिया के दूसरे देशों को भी लें। आस्ट्रिया में 35.8 घंटे प्रति सप्ताह है इसी तरह डेनमार्क में 33.4 घंटे प्रति सप्ताह है। नार्वे में 35.5 घंटे प्रति सप्ताह है। पुरुषों के लिए और 30.6 घंटे प्रति सप्ताह महिलाओं के लिए है। ये छोटे-छोटे देश है। दुनिया के वे देश जो दुनिया को नई दिशा देते है वहां भी तीस और पैंतीस घंटे प्रति सप्ताह काम के निश्चित किए गए है। भारत में बेकारी विकराल रूप में विद्यमान है। यहां लोग दाने-दाने के लिए तरसते है। मैं समझता हूं कि हमारे यहां काम के घंटे कम करना जनता पार्टी की सरकार का सबसे पहला काम होना चाहिए। बेरोजगारी को दूर करने का इसके अलावा और कोई साधन नहीं हो सकता है। उद्योगपति इसका विरोध कर सकते है। लेकिन आपको मजबूती के साथ इस दिशा में कदम उठाना चाहिए और दृढ़ता दिखानी चाहिए। आप काम के घंटे ज्यादा नहीं तो आठ से छः करें। इससे सारे देश में एक करोड़ लोगों को काम तुरन्त मिल जाएगा। ज्यादा को भी मिलेगा। जो आर्गेनाइज्ड इंडस्ट्रीज है वहां मिल जाएगा।

पार्लियामेंट में एक बहस हुई थी 1957 में। तब एक कमीशन बैठा था जिस का नाम पटेल कमीशन था। उसने सबसे गरीब जो तीन जिले है गाजीपुर, आजमगढ़ और देवरिया उनके बारे में 1962 में एक रिपोर्ट सबमिट की। उसने सिफारिश की कि वहां की बेरोजगारी को दूर करने के लिए नए-नए कल कारखाने, नए नए छोटे उद्योग धंधे वहां लगाए जाएं। पटेल कमीशन की रिपोर्ट तो आ गई लेकिन उसको अलमारियों में बन्द करके रख दिया गया। उसको किसी ने शायद पढ़ा तक नहीं, उस पर अमल करने की कोशिश तक नहीं की। अब भी देवरिया जिले में चौदह चीनी मिलें है जिन में से तीन मिलों के मजदूर जिन की संख्या तीन हजार से ज्यादा है आज भी बेकार है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। कोई कदम उसने इसके बारे में नहीं उठाया छितौनी शूगर फैक्ट्री है जहां के 1100 मजदूरों को पिछले तेरह महीने से तनख्वाह नहीं मिली है। और वह फैक्टरी ले ली। इस तरह का उदाहरण कम मिलेगा कि 13 महीने से जिस चीनी मिल के मजदूरों को तनख्वाह न मिली हो वह कैसे रहते होंगे। और यही स्थिति गोरखपुर जिले की सिसवा और घूघली शूगर फ़ैक्टरी की है जिसको सरकार ने अभी लिया है, और मजदूरों की तनख्वाह 6 महीने की बाकी है, और यह फ़ैक्ट्री श्री दीपक प्रदीप की है जो कांग्रेस पार्टी के ट्रेजरार है, लेकिन उन्होंने जान बूझ कर फ़ैक्ट्री का दिवाला निकाल दिया। इसलिए बेकारी की समस्या का अगर समाधान करना है तो मंत्री जी को मजबूती के साथ आई० एल० ओ० की सिफारिश के अनुसार मजदूरों के हित में काम के घंटे कम करके 6 घंटे प्रति दिन करने चाहियें, तब जाकर समस्या का समाधान होगा अन्यथा नहीं।

बोनस का भी एक झगड़ा है। सरकार ने तो अपने कारखानों पर लगा रखा है कि वहां बोनस नहीं मिलेगा, चाहे वह कारखाना हो या दफ्तर हो। जो सरकारी कारखाने है उनमें आप ऐक्स-ग्रेशिया करके चाहें जो दे दें, मगर मजदूर अधिकार के तौर पर उसको नहीं मांग सकता है। सबसे पहली बात यह है कि यह बोनस क्यों मेहरबानी पर है। सरकार ने कानून बनाकर छोड़ दिया कि मर्जी पर है अगर मुनाफ़ा हो तो दें। और मुनाफ़ा सभी को होता है क्योंकि अगर मुनाफ़ा किसी मिल मालिक को न हो तो वह पैसा नहीं देगा, मिल भी बन्द हो जाएगी।

बोनस के सम्बन्ध में यह कहना है कि बोनस का काम सबसे पहले प्रथम विश्व युद्ध में चालू हुआ जब बढ़े हुए प्रोडक्शन की जरूरत हुई तो उन्होंने वार बोनस करके मजदूरों को दिया ताकि ज्यादा उत्पादन कर सकें। द्वितीय विश्व युद्ध में मान लिया गया कि मुनाफ़े का कुछ हिस्सा मजदूरों को देना चाहिए। और जब अपनी सरकार बनी तो 1961 में बोनस कमीशन बैठाया और 1964 में उसकी रिपोर्ट आई। उन्होंने स्वीकार किया कि 4 परसेंट बोनस दिया जाय या 40 रु० दिये जायें। मगर उसके बाद जब गरीबी हटाओ सरकार आयी तो उन्होंने 8.38 परसेंट की बात कही, या 80 रु०। लेकिन जब इमरजेंसी आयी और प्रोडक्शन बढ़ाने की बात आयी तो पता नहीं किन वजूहात से उन्होंने इसे रोक दिया। 8.33 परसेंट से घटा कर 4 परसेंट कर दिया और वह भी उनकी मेहरबानी पर छोड़ दिया। इस हिसाब किताब में जब तक निजी व्यापारी हैं तब तक मजदूरों के बस का नहीं कि वह नफ़ा नुकसान जान सकें। इसलिये मैं चाहता हूं कि बोनस को प्रोडक्शन के साथ जोड़ा जाना चाहिये। हमारे यहां चीनी मिलें बराबर चलती हैं, किसी में बोनस मिलता है और किसी में नहीं मिलता। जिनके यहां रकवरी अच्छी आती है वह बोनस देती हैं और दूसरी मिलें नहीं देती हैं। इसलिये बोनस को भी प्रोडक्शन के साथ जोड़ा जाना चाहिये तब जाकर के मजदूर के साथ अन्याय नहीं होगा, हिसाब किताब का मामला खत्म होगा और प्रोडक्शन के साथ उनको मिलता जायगा।

इसी तरह हमारे यहां फ़िरोजाबाद चूड़ी के कारखानों का सबसे बड़ा केन्द्र है। लेकिन वहां का मजदूर बिल्कुल ऐसे रहता है जैसे भिखमंगे रहते हैं। प्रोडक्शन बढ़ाने के लिये जहां काम के घंटे का कम करने की जरूरत है वहां यह भी आवश्यक है कि काम की स्थिति ठीक हो, उनके रहने के लिये मकान की व्यवस्था हो, उनके बच्चों के पढ़ने के लिये स्कूल हों, उनके लिये पार्क हों। फैक्ट्री एक्ट में इसका प्रावधान है लेकिन कोई फ़ैक्ट्री मालिक इसे नहीं मानता है, और किसी भी फ़ैक्ट्री मालिक को आज तक जेल जाते नहीं देखा। इसलिये आप इस तरह की व्यवस्था बनायें। साठे साहब से मैं सहमत हूं कि तमाम सूबो में जो अलग अलग तरह के श्रम कानून हैं उनका कोडिफ़िकेशन होना चाहिये, लेबर लाज़ को एक जगह इकटठा करके एक तरह की व्यवस्था होनी चाहिये।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं एक सुझाव और देना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में भी और अधिकांश सूबों में यह है कि अगर कोई फैक्ट्री एम्पलाई अपने काम से डिसमिस हो जाये, तो डिपार्टमेंट उसको आदेश देता है कि अपील करो या न करो। उसको राइट आफ अपील नहीं है। मैं समझता हूं कि किसी मजदूर के लिये नौकरी का खात्मा हो जाना सजाएं मौत के समान है। जिस तरह से सजाएं मौत के खिलाफ किसी भी स्टेट में अपील हो सकती है, मर्सी एप्लीकेशन पड़ सकती है, उसी तरह से श्रम कानून में भी संशोधन होना चाहिये कि किसी भी मजदूर को एज ए राइट यह अधिकार होना चाहिये कि वह डिस्मिसल के खिलाफ कोर्ट में अपील कर सके जिससे उसकी समस्या का समाधान हो सके।

[श्री रामधारी शास्त्री]

मजदूरों के रहने की स्थिति बड़ी खराब है । हमारे यहां चीनी मिल हैं । आधे से अधिक मजदूर सड़क पर सोते हैं । कानपुर में आप देख लें । दिल्ली में हमारी सरकार की नाक के नीचे भी यही होता है । मैं आपको 3, 4 नाम बताता हूं—श्री ब्रजमोहन रोहतगी, श्री अनिल रोहतगी, सुनील रोहतगी, कपिल रोहतगी । ये सब भाई हैं और इनकी कई फर्में हैं—के० पी० आर० सैल्स, पी० ए० आर० सैल्स, पी० ए० आर० इण्डस्ट्रीज (प्राइवेट) लिमिटेड, बी० आर० पिस्टन रिंग्स । इस तरह से इन्होंने कई कारखाने बना रखे हैं । 40, 50 मजदूर रखते हैं । कुछ दिन उनसे एक फर्म में काम करा लिया, फिर उस फर्म का साइन-बोर्ड हटाया, दूसरा साइन-बोर्ड लगा लिया और कुछ दिन काम करा लिया और फिर तीसरा साइन-बोर्ड लगा दिया और काम करा लिया । इस तरह से वह मजदूरों का शोषण करते है । राजधानी में इस तरह की कम-से-कम 200, 300 फर्में होंगी, जो फर्जी काम करती है । जब चाहा, ये मजदूरों को निकाल देते हैं । उनको 5, 6 रुपये रोज देते हैं । मैं समझता हूं कि दिल्ली शहर का लेबर डिपार्टमेंट की ओर से एक सर्वे होना चाहिये । यहां के श्रम विभाग के अफसर इन मालिकों से मिले हुए हैं, इस तरह की आम शिकायत मजदूरों की है । इसलिये मेरा निवदन है कि मन्त्री महोदय इस ओर ध्यान दें ।

अब मैं समान वेतन, समान काम की बात कहना चाहता हूं । यह एक बड़ा भारी सिद्धान्त है, सभी को मंजूर है लेकिन यह आज तक हिन्दुस्तान में हुआ नहीं है । जनता पार्टी की सरकार को अविलम्ब इस ओर ध्यान देना चाहिये ।

यही नहीं काटन मिलें हैं, शुगर फैक्टरीज हैं, स्टील फैक्टरीज हैं, सब जगह अलग-अलग मिनिमम वेज है । मेरा कहना यह है कि सारे देश में एक पैमाने पर सभी फैक्टरीज में मिनिमम वेज एक समान होना चाहिये । इसी तरह से बैंकिंग इण्डस्ट्रीज में है । अलग-अलग बैंकों ने अलग-अलग तरीके से मिनिमम वेज बनाये हुए हैं । यह भी समाप्त होना चाहिये ।

इसी तरह सरकारी नौकरियों में भी नेशनल पे-स्केल होना चाहिये । कोई वजह नहीं है कि सूबों में काम करने वाले कर्मचारियों को, उसी योग्यता, उसी तरह के पद और उसी नेचर के काम करने वालों को कम तनख्वाह मिले और केन्द्रीय सरकार में ज्यादा तनख्वाह दी जाये और सुविधाएं भी दी जायें । इस ओर भी मन्त्री जी का ध्यान तुरन्त जाना चाहिये ताकि इसमें सुधार हो ।

लेबर मशीनरी के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर किसी मजदूर ने हड़ताल कर दी तो उसके लिये सरकारी मशीनरी है । हमको एक लेबर का केस याद पड़ता है । शुगर मिल पडरौना में 11 बरस पहले एक डाक्टर को निकाल दिया, लेकिन आज तक उसके केस में कुछ नहीं हुआ है । स्टेट की मशीनरी क्या है यह मैं बताता हूं—जैसा मार्क्स ने कहा था—

"The State is a machinery in the hands of richer to oppress the poorer."

ऐसा ही लगता है कि वह बात जैसे की तैसी आज भी सही है । स्टेट की लेबर कोर्ट की मशीनरी मजदूरों को तबाह करने के लिये है । आपकी किताब कहती है, मैं एक वाक्य पढ़ देता हूं—

"From 54 per cent in January 1976, the percentage of time-loss relating to lockouts increased to a staggering figure of 90 per cent in May, 1976. During January-December 1976, lockouts accounetd for 79 per cent as compared to only 17

per cent and 24 per cent during the calendar years of 1974 and 1975 respectively."

तो इससे आप देखेंगे कि 1975–76 में जब एमरजेंसी पीक पर थी, तो सबसे ज्यादा डिसिप्लिन मिल मालिकों ने तोड़ा है, लौक-आउट किया है । सबसे ज्यादा उनका कसूर है । 90 प्वाइन्ट तक यह पहुंच गया, लेकिन किसी मिल मालिक को सजा नहीं हुई । अगर मजदूर हड़ताल करे तो उसके लिये सरकारी कानून बने हुए हैं, चाहे वह किसी अफसर की ज्यादती के कारण ही हो ।

इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि जनता पार्टी की सरकार को देखना चाहिये कि हमारे कानुनों का रुख श्रमिकों की तरफ हो, मालिकों की ओर न हो । अब तक जो कांग्रेस की सत्ता थी, वह मिल मालिकों की तरफदारी करते थे, पूंजीपरस्तों की इज्जत हो रही थी । उनको छोड़ कर अब जो यहां श्रमिक नीति हो वह श्रम उन्मुख होनी चाहिये । इन शब्दों के साथ मैं श्रम मन्त्री की मांगों का समर्थन करता हूं ।

श्री उग्रसेन (देवरिया) : सभापति महोदय, मैं श्रम मंत्रालय के अनुदानों की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं ।

कब्ल इसके कि मैं इस मंत्रालय के विभिन्न विभागों और सरकार द्वारा वितरित रिपोर्ट में दी गई सामग्री के विषय में कुछ कहूं, मैं मंत्री महोदय से यह निवेदन करना चाहता हूं कि लेबर विभाग की पुस्तिकाओं और रिपोर्टों में पहले की तरह "भक्षिका स्थाने भक्षिका" के अनुसार केवल स्टैटिस्टिक्स और आंकड़े दे देने से काम नहीं चलने वाला है । मैंने देखा कि जो साहित्य हमें दिया गया है, उसमें बेसिक रीडर के से पाठ लिखे हुए हैं । उदाहरण के लिए, एम्पलायमेंट के सम्बन्ध में कुछ आंकड़े तो दिये गये हैं, लेकिन इस बारे में कोई संकेत नहीं दिया गया है कि हमारे देश में बेरोजगारी की समस्या कब से खड़ी हुई है, उसके हल के लिए सरकार की ओर से अब तक क्या उपाय किये गये हैं और उसके समाधान के लिए भविष्य में सरकार किस नीति का पालन करेगी । जो साहित्य हमें दिया जाता है, अगर सरकार चाहती है कि उस पर अपने विचार प्रकट कर सकें, तो मंत्री महोदय को यह कोशिश करनी चाहिए कि अगले बजट के अवसर पर हमारे सामने जो साहित्य रखा जाये, उस में देश के करोड़ों मजदूरों से सम्बन्धित वास्तविक समस्याओं का समुचित रूप से विवेचन किया जाये ।

माननीय सदस्य, श्री साठे, और श्री शास्त्री ने कहा है कि वर्तमान श्रम कानूनों में परिवर्तन करना चाहिए, क्योंकि उनमें बहुत सी विषमतायें विद्यमान हैं । मुझे लगता है कि जो साहित्य पिछले तीस वर्ष में वितरित किया जाता रहा है, वही विषमतायें उस में भी मौजूद हैं । मंत्री महोदय को इन विषमताओं को भी दूर करने का प्रयास करना चाहिये ।

मुझे भी कम से कम तीस वर्ष से ज्यादा तक मजदूरों में काम करने का अवसर मिला है । मैं कालेज में पढ़ता था । जेल से छूटने पर मुझे यू० पी० से एक्सटर्न कर दिया गया और मैं 1 अगस्त, 1945 को बम्बई चला गया । मैंने लेनिन की किताबों को पढ़ा था कि सब से ज्यादा क्रान्तिकारी मजदूर टैक्सटाइल का मजदूर होता है । इसीलिए मैं काटन टैक्सटाइल मजदूरों के बीच में काम करने लगा । उस बात को बहुत दिन गुजर गये हैं । मैं पांच दस वर्ष से बम्बई नहीं गया हूं, लेकिन मैं उन लोगों की हालत को जानता हूं । 1945 से 1949 तक वेतन आदि विभिन्न मांगों को लेकर कपड़ा मजदूरों की हड़तालें होती थीं और उनके जलूस निकलते थे । लेकिन तथ्य यह हैं कि उस समय

[श्री उग्रसेन]

उन लोगों की जो क्रय शक्ति थी, आज वह उससे कम हो गई है । इसका क्या कारण है ?

इसका एक कारण यह है कि सरकार के इरादे ठीक नहीं थे और सरकार की नीति पूंजीपतियों की पोषक थी, वह पूंजीपतियों की पोषक रही है । टाटा, बिरला, सिंहानिया सूरजमल नागर मल बजाज, खेतान, रूंगटा, चूंगटा की चेरी रही है और मजदूरों को खत्म करती रही है । इधर बैठने वाले या उधर बैठने वाले कोई माननीय सदस्य बता सकते हैं कि कोई ऐसी मिल हैं जहां से सांचे उखाड़े नहीं जा रहे हैं ? चले जाइये यहीं दिल्ली में ठीक नाक के नीचे जहां यह आदरणीय सदन है जिस पर कि दुनिया की निगाह लगी हुई, यहीं पर एक दिल्ली क्लाथ मिल है, भरत राम चरत राम जिसके मालिक हैं । मेरे पास वहां के मजदूर आए थे, बता रहे थे कि वहां के सांचे उखाड़े जा रहे हैं । 1939–40 में इस मिल में 12 हजार मजदूर काम करते थे । आज तीन हजार मजदूर काम कर रहे हैं क्यों ? क्योंकि इसके मालिकों ने डासना में, मिल लगा ली । वहां पर मिनिमम वेज ढाई सौ, सवा दो सौ, दो सौ रुपय देते हैं जब कि यहां पर साढ़े तीन सौ, चार सौ रुपए देने पड़ते हैं । इसलिए रोज सांचे उखाड़ उखाड़ कर रात में लेकर भागे चले जा रहे हैं । सरकार की आंख के नीचे यह सब हो रहा है, सरकार देख नहीं रही है । उनका यहां फायदा नहीं रहा इसलिए सांचे उखाड़े जा रहे हैं । मजदूर निकाले जा रहे हैं । गलत मेडिकल सर्टिफिकेट देकर उनको हटाया जा रहा है । कहा जा रहा है कि अब ये इस काम में लायक नहीं रहे हैं इनका स्वास्थ्य काम करने लायक नहीं है । यह सब क्यों हो रहा हैं ? कांग्रेस के तमाम घोषणा-पत्रों में, मंत्रियों के भाषणों में, लेबर कान्फरेंसेज के निर्णयों में, आइ एल ओ के डेसीशंस में. इंडियन लेबर कान्फ्रेंसेज के निर्णयों में हमेशा यह कहा जाता रहा है कि हम मजदूरों की नौकरी की गारंटी करेंगे, जो हैं उन्हें गलत तरीके से निकालने नहीं देंगे । उनकी नौकरी की सेफ्टी के लिए तमाम कानून भारत सरकार ने और राज्य सरकारों ने बनाए । 1947 में इंडस्ट्रियल डिस्प्यूटस ऐक्ट बना था । अभी सन् 76 में उसमें थोड़ी सी तरमीमें हुई हैं । हर एक राज्य की सरकार ने अपनी अपनी सुविधा के अनुसार उसमें तरमीमें की हैं । मगर उन कानूनों से मजदूरों की सुरक्षा नहीं हुई है, कपड़ा मिलों के मालिकों की सुरक्षा हुई है जिसके अन्दर आज भी भरत राम चरत राम अपने सांचे उखाड़ कर ले जा रहे हैं ।

कहा जाता है कि ये मिलें सिक हैं । किसने इन्हें सिक बनाया ? यह देश सिक है । पिछले 30 वर्षों में सरकार का दिमाग ही रुग्ण शैया पर पड़ा था । हमारे नेता और मंत्री लोग तथा बड़े बड़े हुक्मरा रुग्ण शैया पर पड़े थे । इसलिए उन को यही दिखता था । आज देश में 120 सिक मिलें हैं, कपड़े की, चीनी की, ये मिलें रुग्ण शैया पर पड़ी हैं । हम ने 1952 में कहा था कि जितने बड़े-बड़े उद्योग धन्धे हैं उन का राष्ट्रीयकरण कर लिया जाय और आज मैं यह कहना चाहता हूं कि जिन मिलों का राष्ट्रीयकरण हो उन के मालिकों को मुआवजे का एक पैसा भी नहीं देना चाहिए । हमारे पूर्वांचल में 40 चीनी मिलें हैं । ये मिलें 1925–26 के बाद की बनी हुई है । उस समय इस के जो मालिकान थे । उन्होंने किताबों में देखा कि चीनी मिलों में मुनाफा है तो उन्होंने मिलें लगा लीं । 40 लाख, 50 लाख में मिल उन्होंने लगायी, हद् से हद् 1 करोड़ 20 लाख रुपये में लगायी इससे कई गुना ज्यादा मुनाफा उन्होंने इन मिलों से कमा लिया । आज इन में से प्रत्येक चिल्लाता हैं कि मेरा पोषता यही है, मेरे

प्रास पैसे नहीं हैं, मुनाफा नहीं है जब कि एक करोड़, दो करोड़, पचास लाख, साठ लाख रुपया प्रति वर्ष मुनाफे का ये कमाते हैं। जो पैसा इन्होंने लगाया था वह कभी का इन्हों ने कमा लिया। अब तो ये केवल मुनाफे में ही चले जा रहे हैं। आम के आम और गुठलियों के दाम इन्होंने कमाए और यह कौन कमा रहे हैं —थापर कमा रहे हैं, बिरला कमा रहे हैं, सिंहानिया कमा रहे हैं, डी आई सी के लोग कमा रहे हैं। इन को मुआवजा क्यों दिया जाये ?

यही नहीं, मेरे एक लायक दोस्त थे बाबू गेंदा सिंह। उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों के राष्ट्रीयकरण की एक कमेटी बनी। वे उस के चेयरमैन बनाए गए और उन्होंने कोशिश की कि लिखें कि चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण हो जाये लेकिन नहीं हो सका। जब माननीय नारायण दत्त तिवारी की सरकार हार गई तो उन्होंने कागज भेजा कि राष्ट्रीयकरण कर दिया जाये, हमें कोई एतराज नहीं है। इस बीच मिल मालिकान ने क्या किया कि इन के नट बोल्ट और बाकी दूसरे पुर्जे उखाड़ उखाड़ कर कलकत्ते और बम्बई के बाजारों में बेच दिया और उस से लाखों रुपये कमाए। इसलिए मेरा यह निवेदन है कि ये जितने बड़े बड़े उद्योग धन्धे हैं इन का राष्ट्रीयकरण किया जाये और सरकार इस बात को देख ले, जितना रुपया इन्होंने लगाया था उतना अगर कमा लिया है तो इन को एक पैसा मुआवजे में देने की जरूरत नहीं है।

सरकार की पिछले 30 सालों की नीति श्रम-विरोधी नीति रही है, मजदूरों से दुश्मनी करने वाली नीति रही है, उन के हक हकूक की रक्षा करने की नीति नहीं रही है। मजदूरों को क्या चाहिए ? उन को भत्ता चाहिए, उन को मुनाफे का हिस्सा चाहिए, बोनस चाहिए, रिहायश के लिए मकान चाहिए। क्या मिला तीस साल में ? उनके रोजगार के लिए, उनके प्रशिक्षण के लिए क्या सुविधायें दी गई ? बंधक मजदूर 1976 में 91,642 थे उन सभी को आजाद कर दिया गया। जब 1976 में हम लोग जेलों में थे तो इस बात को सुनते थे। लेकिन इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि केवल 25 फीसदी बंधुवा मजदूरों को इन्होंने आबाद किया है। उनको आजाद करके इन्होंने सड़क पर छोड़ दिया कि "विश्वनाथ और तिरुपति मंदिर के सामने जाकर भीख मांगो"। इससे अच्छा था कि आप उनको गुलाम ही रहने देते। आपने क्यों उनको भूखों मरने के लिए छोड़ दिया ?

श्रीमन्, जनतंत्र कई तरह का होता है लेकिन आज दुनिया में जिस जनतंत्र की चर्चा है वह कम से कम दो तरह का है ही —एक तो सर्वहारा वर्ग का जनतंत्र और दूसरा बुर्जुआ पूंजीपतियों का जनतंत्र। इस बुर्जुआ जनतंत्र में परीक्षण हो जायेंगे, सेमिनार हो जायेंगे और डेलिगेशंन का आदान प्रदान हो जायेगा लेकिन मजदूरों के हक के बारे में होगा कुछ भी नहीं। इन्होंने मिनिमम वेजेज ऐक्ट का कानून बना दिया, वह सभी जगह लागू किया गया लेकिन इस देश में जो करोड़ों कृषि मजदूर हैं, कृषि कामों के मजदूर हैं उन पर वह लागू नहीं है। उस कानून को भी यह रोज बदलते जाते हैं। बहुत से कारखाने हैं जहां पर मिनिमम वेजेज ऐक्ट के अन्तर्गत जीविकोपार्जन के लिए जो मजदूरी जरूरी है वह लागू नहीं की गई है। मैं मांग करता हूं कि इसको वहां पर लागू किया जाये।

सभापति महोदय, मैं अब बताना चाहता हूं कि सरकार की गलत नीतियों के कारण सार्वजनिक क्षेत्र में और निजी क्षेत्र में कितने मैन-डेज नष्ट हुए उसको आप मुलाहजा फर्मायें। इन्होंने इस किताब में लिखा है कि 1976 में 11.48 मिलियन मैन-डेज नष्ट हुए। केन्द्रीय सरकार के कारखानों में 37 लाख मैन-डेज नष्ट हुए और निजी क्षेत्र में 11 मिलियन मैन-डेज नष्ट हुए। इन्होंने कहा कि हमने बड़ी पैदावार की, बड़ा तीर

[श्री उग्रसेन]

मारा और बड़ी उन्नति की लेकिन स्थिति यह है कि सबसे ज्यादा तालाबन्दी 1976 में ही हुई । 79 फीसदी तालाबन्दी सरकारी कारखानों में 1976 में हुई जबकि 1974 में यह संख्या केवल 17 फीसदी थी । जब इमर्जेन्सी का कानून लागू नहीं था तब तो 17 फीसदी तालाबन्दी हुई थी लेकिन जब इमरजेन्सी लागू कर दी गई तो तालाबन्दी 79 फीसदी हुई ?

इसी तरह से इन्होंने बोनस ऐक्ट पास किया । बोनस किसी तरह की बखशीस नहीं है,-वह तो मजदूरों का हक है । 1965 में इन्होंने कानून बनाया और 8.33 परसेंट का मिनिमम बोनस लागू किया लेकिन 1976 में उसको बदल दिया और कह दिया कि बैलेंस-शीट देखकर 100 रुपये दे दिए जायेंगे । हमने अखबारों में पढ़ा है कि सरकार बोनस के सवाल को रिव्यू करने जा रही है । हम चाहेंगे कि पब्लिक सेक्टर के साथ-साथ प्राइवेट सेक्टर में भी इसको लाजमी किया जाये कि बोनस दिया जायेगा ।

बेरोजगारी की जो समस्या है उसके सम्बन्ध में मैं अधिक नहीं कहना चाहता । मैं चाहूंगा काम के घंटों को कम किया जाये । 8 घंटों की जगह पर 6 घंटे रखे जायें । यूरोप के कुछ देशों में इस पर एक्सपेरिमेन्ट होने जा रहा हैं । हमारे पूर्वांचल में 40 चीनी मिलों में अगर 8 घंटे की जगह पर 6 घंटे कर दिया जायें तो उन 40 मिलों में कम से कम 25-30 हजार मजदूर और लग जायेंगे-यह हिसाब मैंने लगाकर देखा है ।

जहां तक मजदूरों के रोजगार की सुरक्षा की बात है आपने उनके लिए क्या किया है ? आज बेचारे वे फटेहाली में मरे जा रहे हैं नीरज ने उन की भावनाओं को इन लाइनों में व्यक्त किया है —

तन की हविस मन को गुनहगार बना देती है,
बाग के बाग को बीमार बना देती है ।
सूखी अंतड़ियों को सन्देश - सुनाने वाला,
भूख इन्सान को गद्दार बना देती है ।

अगर आप चाहते हैं कि हिन्दुस्तान का कायाकल्प हो, अगर आप हिन्दुस्तान को गांधी, डा० लोहिया और जयप्रकाश नारायण का देश बनाना चाहते हैं, तो मैं अपने नेताओं से कहना चाहता हूं—आप को इस देश में भुखमरी को समाप्त करना पड़ेगा । आज चार करोड़ लोग बेकार है । 1952 में 38 प्रतिशत लोग पावर्टी लाइन के नीचे थे और आज 78 फीसदी लोग पावर्टी लाइन के नीचे हैं । कहा जाता रहा कि हमारी तरक्की हो रही है—यह तरक्की तो जरूर हुई है—1947-48 में जब मैं यहां आता था, मैं उस समय बच्चा था, पढ़ता था, उस समय यहां दो-मन्जिले मकान होते थे, लेकिन आज क्या हो रहा है—बहु-मन्जिले मकान बन रहे हैं—यह तरक्की हो रही है ।

आज देश के श्रमिकों में असन्तोष बढ़ रहा है—उत्पादन घट रहा है । खान मजदूरों के लिये आप कानून बनाते है—एक उदाहरण देता हूं । दो खदानें है—सोन्डा कोलियरी और सुदामाडीह कोलियरी—1976 की दुर्घटना में वहां जो मरे, उन के लिये कहा गया है कि उन को केवल 250 रुपये मुआवजे के रूप में दिये जायेंगे—"दिल बहलाने को गालिब ख्याल अच्छा है" । जिन लोगों को ट्रेनिंग दी जाती है, उन के एम्पलायमेन्ट का कोई इन्तजाम नहीं हो रहा है । आज ऐसे प्रशिक्षित बेकारों की एक बड़ी फौज बेकार बैठी है । उन को कोई काम नहीं मिल रहा है ।

आप की तरफ से रिसर्च की जाती है, बहुत सी रिसर्च लैबोरेट्रीज खोली हुई हैं—जैसे सी० एस० आई० आर०, सी० डी० आर० आई०, सैम्पों, ए० सी० आर० आई०

डिफेन्स लेबोरेट्रीज । लेकिन इन में हो क्या रहा है —10 वैज्ञानिक आत्म हत्या कर के मर गये। ये विदेश से यहां आते हैं, यह सोच कर कि हमें यहां काम मिलेगा, नौकरी मिलेगी, लेकिन मिलता कुछ नहीं ।

मेरे कुछ सुझाव हैं—समय बहुत कम है—पढ़ देता हूं—

1. मालिक मजदूरों के सम्बन्ध ठीक होने चाहिएं, उन में कटुता समाप्त करें ।

2. एक उद्योग में एक यूनियन के सिद्धान्त को मानते हुए उन में एक यूनियम बने ।

3. बड़े उद्योगों का तत्काल राष्ट्रीयकरण करें । उन को मुआवजा न दें ।

4. प्रबन्ध में मजदूरों की सक्रिय साझेदारी हो ।

5. पुराने कायदे–कानूनों में क्रान्तिकारी संशोधन किये जायें ।

6. निम्नतम मजदूरी कानून को सख्ती से लागू किया जाये ।

7. इण्डस्ट्रीयल डिस्प्यूट्स एक्ट, 1947 तथा संशोधित एक्ट, 1976 में मजदूरों के हित में संशोधन किया जाये ।

8. राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर श्रम समितियां गठित की जायें ।

मैं उद्योग मंत्री श्री जार्ज फर्नेन्डीज साहब के उस सुझाव का स्वागत करता हूं कि सिक यूनिट को मजदूरों की यूनियन को या उन की फैडेरेशन को चलाने के लिये दिया जाये । आज पब्लिक सैक्टर और निजी सैक्टर दोनों में ऐसे मजदूरों की बहुत बड़ी संख्या है, जो 20–20 साल से कैजुअल पड़े हुए हैं । रेलवे, पोस्ट-आफिस, रोड-वेज सब जगह यही हालत है । उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम की यह हालत है कि उस में 16 करोड़ रुपये का घाटा है । वहां के एस० पी० सिंह—मंत्री खा गये, चेयरमैन खा गये, डिप्टी जनरल मैनेजर खा गये, सब लूट-पाट कर चले गये । 40 हजार मजदूर आज भूखा सड़क पर पड़ा है । जब उनका नाम करता है और मैं उन की मदद करता हूं तो लोग कहते हैं कि उग्रसैन युद्धगामी है । 30 वर्षों से जो पूंजीपरस्त नीति चल रही थी, उस में क्रान्तिकारी परिवर्तन लाइये, जो सर्वहारा के भले के लिये हो । आज हमें इस देश में ऐसा जनतन्त्र बनाना है जिस में लोक-भोजन मिले, लोक-भवन मिले, लोक भूषा और लोक भाषा हो । हमारी जबान फले-फूले, तमिल, तेलगू, कन्नड फले-फूले, ताकि हमारी जबान में वे हमारे दुख-दर्द को समझ सकें और उन की जुबान में हम उन के दुख-दर्द को समझ सकें ।

इन शब्दों के साथ मैं इन मांगों का समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि मंत्री महोदय हमारे जजबातों पर थोड़ा ध्यान देते हुए कुछ कार्यवाही करेंगे ।

श्रीमती अहिल्या पी० रांगनेकर (बम्बई उत्तर मध्य) : सभापति महोदय, शुरू में सबसे पहले मैं अपने लेबर मिनिस्टर को धन्यवाद देना चाहती हैं, क्योंकि उन्होंने इधर कुछ अच्छे कदम उठाये हैं । एकता जो आप के मन्त्रालय की एपेक्स बाडी थी, कन्सलटेटिव कमेटी, उसमें जिन यूनियनों ने एमर्जेंसी में कांग्रेस सरकार का साथ दिया था, उन्हीं यूनियनों के प्रतिनिधि थे, लेकिन आपनें अब उस एपेक्स बाडी को बदल दिया है और नई कमेटी में सब यूनियनों को लिया गया है—यह एक बहुत अच्छी बात है ।

15.00 hrs.

[SHRI M. SATYANARAYAN RAO *in the Chair*]

[श्रीमती अहिल्या पी० रांगनेकर]

दूसरे—मीसा के अन्दर जो लोग बन्द थे, उनको काम पर लेना चाहिये, ऐसा सरकुलर आपने निकाला है—यह भी एक अच्छा काम है। तीसरे जो आपने इंडस्ट्रियल रिलेशन्स के बारे में कमेटी बिठायी, यह एक अच्छी चीज है। इससे इस देश की मजदूर जनता खुश है। लेकिन मैं एक इशारा करना चाहती हूं कि अगर आपने चंद दिनों में बोनस के बारे में एलान नहीं किया तो हमारे देश के मजदूरों में असंतोष होगा और इसको कोई भी शक्ति रोक नहीं सकेगी। मुझे आशा है कि मन्त्री जी जो अपना भाषण करेंगे उसमें बोनस का एलान जरूर किया जाएगा। आपके चुनाव मेनिफेस्टो में भी यह है और आपने वायदा किया है कि बोनस को आप डेफर्ड वेजिज मानते हैं। बोनस को आप वह वेज मानते हैं जो कि मजदूर को वास्तव में मिलना चाहिए और जो मिलता है, उसमें जो फर्क है, वह फर्क को आप बोनस मानते हैं। इसलिए मुझे पूरी आशा है कि आप बोनस के बारे में एलान करेंगे। कल ही बम्बई में एक बड़ा भारी मोर्चा लगा है जिसमें सब ट्रेड यूनियनों के लोग शामिल हैं और वह यह मांग कर रहे हैं कि हमारा जो बोनस का हक वह हमें मिलना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि वह हक आप उनको देंगे।

इसी तरह मैं सी० डी० एस० के बारे में कहना चाहती हूं। इकोनोमिस्ट्स एक झूठी रिपोर्ट आपके सामने रख देते हैं जिसको मान कर आप चलने लगते हैं। अभी पिछले सालों में 15 सौ करोड़ रुपया गरीब जनता का सरकार ने अपने पास रख लिया लेकिन फिर भी कीमतें कम नहीं हुई, इन्फलेशन कम नहीं हुआ। आप कहते हैं कि अगर आप सी० डी० एस० का पैसा देंगे तो इन्फलेशन बढ़ जाएगा। यह गलत है। अगर आपको इन्फलेशन को रोकना है तो जो काले पैसे की पेरेलल इकोनोमी चल रही है, उसको रोकना चाहिए। इस रोकने की पिछली सरकार ने कोशिश नहीं की। आपको यह कोशिश करनी चाहिए। मजदूरों की पगार में कटौती करके कुछ नहीं होने वाला है। इसलिए मैं कहूंगी कि सी० डी० एस० का पैसा मजदूरों को दिया जाए।

मुझे मन्त्री महोदय की यह रिपोर्ट पढ़ कर दुःख होता है। ऐसा लगता है कि यह रिपोर्ट पिछली सरकार की है, आपकी नहीं है। साढ़े तीन महीने में भी आपका डिपार्टमेंट इसमें कोई तबदीली नहीं ला सका। इसमें बीस सूत्री कार्यक्रम की स्तुति गाइ गयी है जिसे देख कर बहुत दुःख होता है। मैं इसे झूठा नहीं बता सकती क्योंकि झूठ कहना अनपार्लियामेंटरी हो जाएगा। बहुत सी असत्य बातें इसमें लिखी हुई हैं। एमरजेंसी के दौरान अगर किसी ने फायदा उठाया है तो वह मिल-मालिकों ने उठाया है। इसमें जो आंकड़े दिये गये हैं वे सब मिल-मालिकों के लिए ही दिये गये हैं, मजदूरों ने जो देश के लिए किया, उसके बारे में कुछ नहीं कहा है। श्री उग्रसेन जी ने भी अभी कहा, मैं भी कहती हूं कि इस अनुशासन पर्व में मेन डेज का लास अगर किसी ने किया है तो वह मालिकों ने किया है। ये जो बड़े मालिक हैं इन्होंने किया। 1973 में टोटल मेन डेज का लास 54 परसेंट था जो मई, 1976 में 90 परसेंट हो गया। यह किस ने किया ? यह मजदूरों ने नहीं किया। मजदूरों को तो आपने तंग कर दिया, जिन्होंने आन्दोलन किया उनको जेल भेज दिया, उनके लीडर्स को मिसा के अन्दर बन्द कर दिया। इन बड़े बड़े मिल-मालिकों ने मेन डेज का लास 90 परसेंट तक कर दिया। पिछले दिसम्बर तक, 11 महीनों में लोक

आऊट से 79 परसेंट मेनडेज का लास हुआ और आज मजदूरों पर प्रोडक्शन कम करने का इल्जाम लगाया जाता हैं । इस एमरजेंसी का फायदा मालिकों ने, सरमायेदारों ने उठाया । 79 परसेंट मैनडेज लास्ट हुए लाक आउट्स की वजह से । बीस सूत्री कार्यक्रम के बहुत ढोल पीटे गए । लेकिन उस दौरान में एक भी मिल मालिक को जेल में नहीं डाला गया । मजदूरों ने जिन्होंने उनके खिलाफ थोड़ी सी भी आवाज उठाई उनको पकड़ कर जेलों में डाल दिया गया ।

आप भी बीस सूत्री कार्यक्रम से शुरू करते हैं इसको मैं समझ नहीं पाई हूं । इसमें यह भी नहीं दिया गया है कि जो कुछ भी उस दौरान हुआ उसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं । साढ़े तीन महीने आपको बैठे हो गए हैं । आप एक सप्लीमेंटरी रिपोर्ट इसके साथ दे सकते थे । आपने यह भी नहीं किया है । इसको मैं समझ नहीं पाई हूं ।

मार्च 1976 में इंडस्ट्रियल डिसप्यूट्स एक्ट में तबदीली की गई थी । यह कहा गया था कि तीन सौ मजदूरों से अधिक जहां मजदूर काम करते हैं अगर वे लाक आऊट करना चाहते हैं तो उनको सरकार की इजाजत लेनी पड़ेगी और अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो यह गैर कानूनी होगा । जो बीस सूत्री कार्यक्रम का ढोल पीटते हैं उनसे मैं पूछना चाहती हूं कि मालिकों ने एमरजेंसी के दौरान लाक आऊट किए, कानून के खिलाफ किए, क्या उनमें से भी किसी को जेल भेजा गया, उनके खिलाफ भी कोई ऐक्शन लिया गया ? मुझे खेद है कि अभी भी वही रास्ता हम अपना रहे हैं, उसी रास्ते पर चल रहे हैं । इंडियन एक्सप्रैस के लाक आऊट को आप लें । क्यों नहीं आपने उस केस में कानूनी कार्रवाई की । जो मालिक कानून को तोड़ कर लाक आऊट करते हैं, परमिशन नहीं लेते हैं, उनके खिलाफ अगर आप कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करते हैं तो यही कहा जाएगा कि आप भी पुराने रास्ते पर चल रहे हैं और अगर आपने वही रास्ता अपनाए रखा तो हमारे देश के मजदूरों को न्याय नहीं मिल सकेगा । आपको अभी से सचेत रहना चाहिये । अभी भी आपको जांच करनी चाहिये कि कितने लाक आऊट चल रहे हैं । आपकी रिपोर्ट में यही बताया गया है कि पांच लाक आऊट चल रहे हैं । अगर और भी लाक आऊट चल रहे हैं तो इन सभी को खत्म करवाने के लिए आपको कानूनी कार्रवाई करनी चाहिये । अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो यही कहा जाएगा कि आप भी उसी पुराने रास्ते पर चल रहे हैं ।

इंडस्ट्रियल रिलेशंज को सुधारने की जो पुरानी मशीनरी थी, पुराना रास्ता था उस पर आप आज भी चल रहे हैं । मैं आपके सामने एक उदाहरण रखना चाहती हूं पुराने रास्ते के बारे में । राऊरकेला में पांच सात मजदूरों की छंटनी कर दी गई । छः साल हो गये हैं आज तक उनको लेबर कोर्ट में न्याय नहीं मिला है, उनके केसिस का फैसला नहीं हुआ है । उनका केस उस कोर्ट में लगता नहीं है । ऐसा भी होता है कि लेबर कोर्ट में अगर मजदूरों के पक्ष में फैसला हो जाता है तो मालिक लोग उस मामले को सुप्रीम कोर्ट तक में ले जाते हैं और सालों तक मजदूर बेकार फिरता रहता है । उसकी फैमिली तबाह और बरबाद हो जाती है । उसको कहीं न्याय नहीं मिलता है । लेबर कोर्ट को आप लेबर कोर्ट क्यों कहते हैं यह मेरी समझ में नहीं आता है । लेबर कोर्ट और लेबर आफिस को आपको मालिक कोर्ट और मालिक आफिस कहना चाहिये । ये मालिकों की मदद करती हैं । लेबर आफिसर्स ने कभी भी नहीं देखा गया है कि मजदूरों की कभी भी मदद की हो । यह मशीनरी मजदूरों के खिलाफ काम

[श्रीमती अहिल्या पी० रांगनेकर]

करती है । इसमें अगर सरकार सुधार नहीं करेगी तो इंडस्ट्रियल रिलेशंज किसी भी हालत में सुधर नहीं सकेंगे । मजदूरों में असन्तोष व्याप्त रहेगा और इसका फायदा मालिक लोग उठायेंगे । यह आपके ध्यान में रहना चाहिये । इसलिए कानून में तब्दीली करनी चाहिये ।

बंधुआ मजदूरों के बारे में रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में कुल 91,642 बंधुआ मजदूर थे । मैं समझती हूं कि इस पर कोई विश्वास नहीं कर सकता है । उनकी संख्या कहीं अधिक है । आज भी महाराष्ट्र में थाना जिले में, धूलिया में बंधुआ मजदूर हैं । लेकिन यहां बताया गया है कि 91,642 में से 90,704 को मुक्त करा दिया गया है । इस पर कौन विश्वास करेगा ? फिर आप देखें कि कितने दिनों में कराया गया है । कितने एफिशेंट हमारे चीफ मिनिस्टर और स्टेट मिनिस्टर हो गये थे । फरवरी, 1977 में कानून पास हुआ और मार्च में चीफ मिनिस्टर्ज की मीटिंग हुई । तब तक रिव्यू भी हो गया, मुक्त भी करा दिया गया । एक महीने के अन्दर अगर हमारे चीफ मिनिस्टर इतने एफिसेंट हो सकते थे तो मैं समझती हूं कि हमारे पूरे देश का भाग्य बदल सकता था । इन सबको एक ही महीने में मुक्त करवा दिया गया । वाराणसी के एक रिसर्च प्रोफेसर हैं डाक्टर कृपा शंकर । उन्होंने वाराणसी में जाकर के, यू० पी० में जा करके बंधुआ मजदूरों से बातचीत की और रिसर्च किया, मालूमात की तो उन मजदूरों ने कहा कि हमारी परिस्थिति में कुछ भी बदलाव नहीं आया है । हमारी वही परिस्थितियां हैं हमें उसी तरह बंधकर काम करना पड़ता है, सारे वही बन्धन है, हम दूसरी जगह नहीं जा सकते हैं । और रिपोर्ट में कहते हैं कि बंधुआ मजदूर देश में नहीं रहे । इस तरह से ऐग्जेजरेटेड रिपोर्ट अगर पार्लियामेंट के सामने आयेंगी तो जनता कैसे विश्वास करेगी । इसलिए मंत्री जी को ठीक तरह से जांच करके मालूमात हासिल करनी चाहिये । सबसे ज्यादा बंधुआ मजदूर कर्नाटक में थे 58,918 । इन में से 58,571 मुक्त कर दिये गये । चार दिन में इतने मजदूरों को मुक्त करना कितना बड़ा भारी काम है । इन गलत रिपोर्टों के बारे में मंत्री जी को जांच करनी चाहिये ।

आपने एग्रीकल्चर वर्कर्स को मिनिमम वेज देने की बात कही है । लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि सेन्ट्रली एडमिनिस्टर्ड टेरिटरी—दादरा नगर-हवेली —में से सबसे कम एग्रीकल्चर वर्कर को मिलता है— 2.34 पैसा प्रति दिन मिलता है । जब केन्द्र प्रशासित क्षेत्र में सबसे कम मजदूरी मिलती है तो कौन ऐसे कानून को अमल में लायेगा ? अनस्किल्ड वर्कर्स को 4.50 पैसा मिलना चाहिये, मगर इतना कहीं भी नहीं मिलता है । हम जब जेल में थ तो रेडियो पर सुनते थे, हम टी० वी० देख नहीं सकते थे लेकिन बहुतों ने टी० वी० में भी देखा कि एक अनस्किल्ड वर्कर्स को इतनी वेज कम से कम मिलती है, लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं । जिस मजदूर के लिए कानून बनाया उसके घर में अगर वहीं अंधेरा है तो उसका कुछ लाभ नहीं है । इमरजेंसी में जितने कानून बने उनमें से किसी कानून का इमप्लीमेंटेशन नहीं हुआ है । कानून का इमप्लीमेंटेशन होना चाहिये । ऐग्रीकल्चर वर्कर्स के बारे में अभी तक कानून का इमप्लीमेंटेशन नहीं हुआ है । ऐग्रीकल्चर वर्कर्स के लिए मिनिमम वेज बहुत कम है । अनस्किल्ड वर्कर्स को अगर 4.50 पैसा मिलता है और 25 दिन महीने में उसको काम मिला तो वह एक महीने में 100 रु० ही कमायेगा ।

इस देश की 80 फी सदी जनता देहात में रहती है । अगर महीने में मजदूर 100 रु० ही कमायेगा तो कैसे उसका परिवार चलेगा ? हम कहते हैं कि शिक्षा बढ़नी चाहिये । लेकिन जब तक मजदूर की आमदनी नहीं बढ़ती है, दो वक्त उसको भोजन नहीं मिलता है, तो कैसे शिक्षा में प्रगति होगी ? इसलिए ऐग्रीकल्चर वर्कर की वेज बढ़नी चाहिये । खेती में काम करने वाले मजदूर की आमदनी बढ़ाना चाहते हैं तो उसकी वेज भी बढ़नी चाहिये, और जिनको काम नहीं मिलता है उसको कुछ मुआवजा भी मिलना चाहिये ।

सोशल सिक्योरिटी के बारे में आपने बहुत कानून बनाये हैं । हमारे जो मिल मालिक हैं वह मजदूरों से तो प्रोवीडेंट फंड का पैसा काट लेते हैं, लेकिन खुद अपना कंट्रीब्यूशन नहीं जमा कराते हैं । 15 करोड़ का प्रोवीडेंड फंड का कंट्रीब्यूशन मिल मालिकों, एम्प्लाईयस की तरफ जमा कराने के लिए बाकी है । लेकिन अभी तक गवर्नमैंट ने कुछ इस बारे में नहीं किया है । मजदूरों का पैसा तो पगार में से काट लिया जाता है लेकिन मालिक अपने कंट्रीब्यूशन की परवाह नहीं करते । मजदूरों को इस तरह से पैसा मिलता नहीं है । यह मजदूरों के साथ लूट होती है । मिल मालिक जो इसका इम्पलीमैंटेशन नहीं करते हैं, उनको सजा देनी चाहिये । इस बारे में मंत्री महोदय को ध्यान देना चाहिये ।

मैं सेफ्टी के बारे में भी कहना चाहती हूं । चासनाला खान की रिपोर्ट अभी आई है उसकी जो दुर्घटना हुई थी, उसमें 4 अफसरों की नैगलीजेंसी से यह हुआ, ऐसा कमीशन ने बताया है । उस कमीशन की मदद करने के लिए हमारे जियालोजिकल डिपार्टमैंट के अधिकारी साथ में थे । मजदूरों के नुमाइंदे भी थे । उन्होंने 4 अफसरों की गलती इसमें बताई है । लेकिन अभी तक उनके खिलाफ कुछ नहीं हुआ, बल्कि कोई दूसरी चालबाजी चल रही है । उन अफसरों को बचाने की कोशिश हो रही है । उस दुर्घटना में 350 से ज्यादा आदमी मारे गये हैं, अगर अब उसके बारे में ऐसा किया जायेगा तो यह ठीक नहीं होगा ।

कांट्रेक्ट लेबर के बारे में कोई ध्यान नहीं दिया गया है । मेरा ख्याल है कि इसी की वजह से राजहैरा में फायरिंग हुई है । कांट्रेक्टर अभी 9 रुपए पगार लेते हैं और मजदूर को 5 रुपए देते हैं, बाकी वह सब खा जाते हैं । हमारा शासन भी पैसा कांट्रेक्टर को देता है, लेकिन बीच वाले कांट्रेक्टर सब खा जाते हैं । कहा जाता है कि इसको रद्द करने के लिए कानून बनाने वाले हैं, तो यह जल्दी ही बनाना चाहिये ।

मेरा यह सुझाव है कि यूनियनों की रिक्गनीशन सीक्रेट बैलट से होनी चाहिए, क्योंकि अभी तक जो पार्टी पावर में थी, उन्हीं की यूनियनों को मान्यता मिलती थी । इंटक की यूनियनें है बहुत जगह मान्यता प्राप्त यूनियनें थीं । हमने टैक्सटाइल मिलों को देखा है कि सुपरवाइजर चन्दा इक्ट्ठा करता था और देता था । उसकी ओर मंत्री जी को ध्यान देना चाहिए । वैरीफिकेशन के नाम से गलत व्यवहार होता है ।

डिस्क्रीमिनेशन अगेन्स्ट वूमैन बहुत होता है जो महिलायें मजदूर हैं, उनके खिलाफ हर जगह बहुत डिस्क्रिमीनेशन होता है । मैं आपको एक उदाहरण देना चाहती हूं । आपके डिपार्टमेंट में 1976 में एक महिला सैल फार्म किया गया है, यह आपकी रिपोर्ट में है । लेकिन उसने अभी तक क्या काम किया है, यह मालूम नहीं है वह सैल कायम हुआ है और आगे काम करेगा ऐसी मुझे उम्मीद है ।

आपने बीड़ी वर्कर्स को इक्वल पे फार इक्वल वर्क देने की बात की है । मध्य प्रदेश में हजार बीड़ी पर 25 पैसे मजदूरी बढ़ा दी

[श्रीमती अहिल्या पी० रांगनेकर]

गई, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार ने एक सरकुलर निकालकर कहा कि यह कानून औरतों के लिए लागू नहीं है । हमारी यूनियन ने आपके डिपार्टमेंट के पास उस सरकुलर की कापी भेजी है । साठे साहब यहां है नहीं, मालूम नहीं वह इसके बारे में क्या कहेंगे ।

प्लानटेशन के बारे में क्या हो रहा है । जब से यह कानून लागू हुआ है प्लानटेशन के मालिकों ने एक चालबाजी की है । एक ही काम के लिए दो ग्रेड बनाए है---ग्रेड-1 और ग्रेड-II । महिलाओं के लिए ग्रेड II लाग किया है । एक ही काम है लेकिन महिलाओं के लिए जानबूझकर ग्रेड-II रखा, जिससे हमारी महिलाओं का तन पुराने जैसा कम है। वह न इसे ज्यादा देना चाहते है और न करना ाहते हैं इसलिए वूमैन वर्कर की संख्या कम हो रही है। चूंकि महिला मजदूरों को मैटर्निटी बेनिफ़िट देना पड़ता है और उनके बच्चों के लिए क्रीश की व्यवस्था करनी पड़ती है इसलिए कानून से बचने के लिए महिलाओं को नौकरी में नहीं रखा जाता है । इस देश में जब एक स्त्री का शासन था, तब भी ये सब बातें हुई । अब इस स्थिति को बदल देना चाहिए । एक माता का जो हक है, उसकी रक्षा करनी चाहिए ।

अनएम्पलायमेंट के बढ़ने का एक कारण यह है कि हमारी फ़ैक्टरीज और आफ़िसिज में आटोमेशन हो रहा है । एल० आई० सी० में आटोमेशन किया गया है । जहा तक टैक्सटाइल मिलों का सम्बन्ध है, जहां पहले 4 से 8 सांचे थे, अब वहां 32 से 32 सांचे काम कर रहेहै । यू० एन० ओ० की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश में सबसे कम मजदूरी मिलती है---एक फिटर को अमरीका में 15 रुपए, हालैंड में 11 रुपए और जापान में 4 रुपए मिलते है, लेकिन उसी काम के लिए हिन्दुस्तान में केवल 85 पैसे दिए जाते है । इसीलिए बड़ी बड़ी कम्पनियां हिन्दुस्तान में अपने उद्योग खोलना चाहती हैं । इस तरीके से हमारे मजदूरों का इतना बड़ा एक्सप्लायटेशन हो रहा है । जहां मैनपावर प्रचुर मात्रा में है, वहां आटोमेशन को कम करना चाहिए और मैनपावर का इस्तेमाल करना चाहिए ।

इमर्जेंसी के दौरान मजदूरों पर जुल्म करने वाले जो सर्कुलर जारी किए गए, उन्हें वापस लेना चाहिए । रिजर्व बैंक में इस प्रकार का एक सर्कुलर वापस ले लिया गया है, लेकिन एल० आई० सी० में ऐसा नहीं किया गया है । एल० आई० सी० में जो बोनस एग्रीमेंट किया गया था, उसे रद्द कर दिया गया है । वो वापस अमल में लाना चाहिए ।

SHRI G. NARSIMHA REDDY (Adilabad): Mr. Chairman, Sir, we know that for any developing country like ours, the most important thing would be the relationship between the labour and the management of an industry. Unfortunately, for some reason or the other, in this country, the relationship between the labour and the management has not always been in a proper way. That is the only reason here why the labourers go on a strike with the result that the production in the country falls.

So, the main aim of any government would be to maintain the best relationship between the labour and the management. Have we achieved that? With the present policy of the Government, I am very much doubtful whether we can achieve it. For example, it is all right in the private industry where the owner of a factory is not prepared to give the due share to the labourers and they go on strikes. But in the public sector where the proprietorship falls in the hands of Government, even there the labourers go on a strike for demanding their due share. It is a miserable thing and it is shameful, because even there we are not in a position to give the due share to the labourers.

Therefore, there is basically something wrong with our labour policy. That is what I feel. And when we go down to the agricultural sector, this is the sector which is not organised. Unfortunately, in our country, any labour union which is well organised, if they go on a strike with a proper notice or any othr type of notice, they only get their due share; and the unions who have no power or who have no capacity to organise themselves for demanding their due shares, are not talked about; they are left away. As far as agricultural labour is concerned, who are engaged in agricultural operation, they are not organised properly. It is one of the biggest labour forces. But, unfortunately, God forbids, if that union is organised and if they go on a strike, then what would be the fate of this nation.

I would request the hon. Minister to see that this country does not face such a situation. Once the agricultural labourer says that he will not hold the plough in his hands, say, in this season, then what will be the fate of our country? Unfortunately in this country, as I said earlier, whoever puts up a demand, whoever gives a notice of strike, whoever says that unless he is given such and such a thing, he will not work, it is they who get their share.

In my own constituency there is one paper mill, the Sirpur Paper Mill. There are three or four mills of this type, one in my own State and one in Maharashtra. I shall quote the minimum wages fixed there: in the case of Sirpur Mill in Kakaznagar, an unskilled labourer gets a minimum of Rs. 193 and a maximum of Rs. 238; in the same type of industry, in our own State, at Rajahmundry, the minimum is Rs. 302 and the maximum is Rs. 342; the same unskilled worker working in the same industry, in Ballarpur Paper Mills in Maharashtra, gets a minimum of Rs. 407 and a maximum of Rs. 460. This is just an example that I have quoted. In the same industry, in the different paper mills, the minimum wages vary so much. What do you expect from these labourers who are getting the lowest wages? I would request the Minister to see that the same wages are fixed, so that the labourers working in the same type of industry do not feel that, because they are not in a position to organize themselves, they are getting lesser wages.

Taking the example of anotner industry, the bidi industry, this is a very peculiar type of industry; it is an industry which, today, has given work to 20 lakh families in the country. As an hon. Member said, this is an industry where the maximum number of ladies work. This is an industry which does not require any machinery, which does not require any import or collaboration. This is also an industry which is giving you an income of Rs. 150 crores by way of excise duty. And what are you giving them? In your budget you have provided for only Rs. 7 lakhs for an industry which is supposed to be a cottage industry and which is giving a revenue of Rs. 150 crores to this Government. And you have provided just Rs. 7 lakhs for your own administration; that is all. Recently, a labour cess has also been levied. That alone is giving an income of about Rs. 5 crores. So, I would like to submit humbly to the hon. Minister through the Chairman that this is an industry which does not have a factory area. For them, there has been no question of giving housing facilities. These people are today, in all the big cities and in all the villages, sitting on the footpath or in their small huts and are manufacturing bidis. I would request that, with the amount which is going to be collected by way of cess, that is, about Rs. 5 crores, Government should also contribute another Rs. 5 crores and create a revolving fund so that with this revolving fund, like any other housing colonies which are coming up, housing colonies for the bidi manufacturers in their area can be provid-

[Shri G. Narasimha Reddy]

ed; on a hire-purchase system, houses could be given to them. This is the only way by which we can help the bidi manufacturers. Similarly, medical facilities, education and other facilities may also be given to them.

Lastly, I would like to submit this. There are big coalmines, as the Members know. Btu unfortunately in some of the coalmines the cess which is collected for the welfare of the labourers—I would like to draw the attention of the hon. Minister to this—is used for constructing very big school buildings. But whom are they admitting? It is only the officers' children that are admitted into these schools. I will give you an example from my own district where big colonies are there. Thousands of crores have been collected by way of cess and big school-buildings have been constructed where the ordinary labourers' children are not being admitted. The only reason given is that they will be admitted on the basis of merit, but what is the meaning of this 'merit'? It is only fluency in English. You cannot expect a small labourer's child, well acquainted with the English language, to appear for the interview. I would therefore request that in all such places where civil population does not exist and where only colonies are there, education given through these funds should be given to the labourers' children also and not only to the officers' children.

Lastly, I would like to make another suggestion. If you want industries and other things to be developed in our country without any labour problem, then, in my humble opinion, wherever you fix the minimum wages category-wise, you should also fix the prices of essential commodities. We see that whenever there is drought, the prices of essential commodities go up and, when these prices go up, it is but natural that the labourers should want more wages and they go on strike. Therefore, you should fix the prices of essential commodities which are usually required by the labourers and once these are fixed, if by any chance, due to some natural calamity in the country the prices of essential commodities go up, it would be the duty of the Government or the duty of the concerned factory to supply these essential commodities at the rates fixed, so that good-relations between the Management and Labour can be maintained and peace can be maintained and our development programmes can be continued without interruption.

श्रीमती चन्द्रावती (भिवानी) : जनाब चैयरमैन साहब, हमारे सामने जो लेबर की डिमाण्ड्स है उनके समर्थन में मैं खड़ी हुई हूं। जैसे हम मजदूरों का नाम लेते हैं तो कारखाने की शक्ल आटोमेटीकली हमारे सामने आ जाती है। जिस देश में 75 फीसदी या उससे भी ज्यादा आदमी हाथ से काम करते हों, चाहे वे खेत में काम करते हों या कोई फिजिकल लेबर करते हों किसी कारखाने में वहां हम इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि कुछ लोगों के हाथों में दौलत का रह जाना स्वाभाविक है। एक आदमी के पास मान लीजिए दस कमरों का मकान होता है तो दूसरे के पास एक कमरे का मकान होगा या फिर वह भी नहीं होगा। इस तरह से पूंजी जितने ही कम लोगों के हाथों में रहेगी गरीबी उतने ही ज्यादा लोगों के हिस्से में जाएगी। आज कोई मजदूर चाहे कारखाने में काम करता है, सड़क पर काम करता है या मकान बनाने का काम करता है करीब करीब उन सभी मजदूरों की हालत एक जैसी ही है। जो मजदूर बेचारे मकानों का काम करते हैं या सड़क पर काम करते हैं उनकी तो मजदूरी भी स्थाई नहीं होती और न ही उनकी अपनी कोई खास यूनियन होती है जिसकी वजह से उनकी मुश्किलें और ज्यादा हो जाती हैं। इस तरह के जो मजदूर हैं या जो भट्ठों के मजदूर होते हैं वे आज एक जगह पर है तो कल दूसरी

जगह पर हो जाते हैं। वे एक खानाबदोश की जिन्दगी बिताते हैं। न तो उनके बच्चों की शिक्षा का कोई सवाल होता है और न उनके खद के स्वास्थ्य का कोई प्रबन्ध होता है। अगर उनमें कोई बीमार हो जाता है तो उसको नौकरी से हटा दिया जाता है। पब्लिक सेक्टर की बात तो मैं नहीं करती लेकिन प्राइवेट सेक्टर में 45 वर्ष से ज्यादा उम्र का कोई भी मजदूर आपको नहीं मिलेगा। वहां कुछ न कुछ ऐसे हालात पैदा करते हैं जिस से उनको नौकरी से हटाया जा सके। मान लीजिए वह छुट्टी लेकर घर जाता है, उस को कानून मालूम नहीं है, जब छुट्टी से वापस आता है तो उस से कहा जाता है कि तुम को नए सिरे से लेंगे और इस तरह से उस की पिछली नौकरी खत्म कर दी जाती है। आप को ज्यादातर प्राइवेट सेक्टर में 45 साल से ज्यादा उम्र के आदमी काम करते नहीं मिलेंगे। एक बड़ा विशस-सर्किल उन के अन्दर बना हुआ है, जो उन को वहां रहने नहीं देता।

दूसरा निवेदन मैं यह करना चाहती हूं—जिस पर मुझसे पहले बोलने वाले अनेक वक्ताओं ने भी प्रकाश डाला है—कारखानों में जो लोग मशीनों पर काम करते हैं, अगर उनके हाथ-पांव कट जाते हैं या आंख चली जाती है तो वे बेकार हो जाते हैं। ऐसे लोग जो रिस्क का काम करते हैं, अगर उनके साथ कोई इस तरह का हादसा वाका हो जाय तो उनको नौकरी से हटा दिया जाता है, कोई दूसरा काम उनको नहीं दिया जाता है। कल ही मुझे एक आदमी मिला, जो किसी प्राइवेट फर्म में था। उसकी दायें हाथ की अंगुली कट गई, अब वह कहीं भी काम करने लायक नहीं है और उस कारखाने में उसको काम नहीं दिया जा रहा है—बतलाइये, वह बेचारा क्या करे, कहां जाय। इसके बारे में हमें सोचना चाहिये।

जहां तक लेबर कोर्टस का ताल्लुक है—वहां भी ऐसे लोग बैठे हुए होते हैं जो मैनेजमेंट का फेवर करते हैं। मेरा सुझाव है कि लेबर-कोर्टस में ऐसे लोगों को बैठाया जाना चाहिये जो इम्पार्शल हों। यह बात ठीक है कि लेबर यूनीयन्स होती हैं, लेकिन लेबर यूनियनों में भी हमने देखा है कि उनके लीडर मोटे होते चले जाते हैं और मजदूर वैसे का वैसा ही रहता है। जब तक हम अपने देश में आमदनी का, तनख्वाह का अनुपात तय नहीं करेंगे, काम नहीं चलेगा। इस समय हमारे देश में 1 और 100 का अनुपात है, बल्कि इससे भी कुछ ज्यादा ही होगा। इसके लिये आपको तय करना होगा कि यह अनुपात 1 और 4 से ज्यादा न हो और न सिर्फ तनख्वाहों में बल्कि रहन-सहन, मकान और दूसरी तमाम चीजों में इस अनुपात को कायम करना होगा, तभी हम अपने समाज को न्याय दे सकेंगे। हम तय कर सकते हैं कि किसी आदमी के पास एक हजार गज से ज्यादा का मकान नहीं होगा, उस पर मल्टी-स्टोरी फ्लैटस बनाये जायेंगे उस को रहने के लिए एक फ्लैट मिलेगा, जिससे सब को रहने के लिये जगह मिल सके। जब तक हम इसके बारे में कोई सोशल कानून नहीं लायेंगे, तब तक चाहे जो कहते रहें, हम उनके साथ न्याय नहीं कर सकते हैं।

मैं एक और बात आपके सामने रखना चाहती हूं —आज हमारे बोलने में भी छोटे और बड़े का फर्क लगा हुआ है। जब तक हमारी भाषा में आप, तुम और तू शब्द लगा हुआ है—तब तक यह फर्क कायम रहेगा। हमारे यहां कहा जाता है—माया तेरे तीन नाम, परसू, परसा, परसराम। जब तक यह फर्क हमारे समाज में कायम है, तब तक हमें सामाजिक न्याय मिलेगा, यह मुश्किल है। कारखाने में काम करने वाले सब मजदूर हैं—लेकिन मैनेजर तू कर कर बोलता है, उस को क्या हक है कि वह तू कह कर बोले। चूंकि हमारे मजदूरों में शिक्षा की कमी है, उनको बचपन से ही इस तरह की शिक्षा दी जाती है कि उनको सहन करना है, क्योंकि

[श्रीमती चन्द्रावती]

उनकी किस्मत में ही ऐसा लिखा है । मेरा बस चले तो जो किस्मत और कर्म लिखने वालों का साहित्य है, उस को खत्म कर दूं, ऐसा साहित्य लिखा ही नहीं जाना चाहिये, बल्कि उन लोगों पर जुर्माना होना चाहिये जो किस्मत और भाग्य की बात करते हैं । हमें उनके अन्दर इस भावना को निकालना है कि वे सिर्फ मजदूरी के लिये ही पैदा हुए हैं । चेअरमैन साहब, आपके नोटिस में मैं यही लाना चाहती हूं कि उनके रहन-सहन के, उनके स्टैंडर्ड को ऊंचा उठाने के, उनकी तरक्की के इन्तजाम ठीक से किये जाएं ।

हमारे यहां चीजें बनती हैं—कार हो, साइकिल हो, ट्रांजिस्टर हो, ये सब चीजें और भी अच्छी बन सकती हैं अगर हम मजदूर को अच्छी सुविधाएं दें । आज वह बेचारा गन्दगी में रहता है, गन्दा खाना खाता है, गन्दा पानी पीता है । इसलिए हम अच्छी चीजें अपने देश में अगर प्रोड्यूस करना चाहते हैं तो हमें मजदूरों की हालत को अच्छा करना होगा । जिस प्रकार मालिक चाहता है कि प्रोडक्शन बढ़े उसी तरह मजदूर भी चाहता है कि प्रोडक्शन बढ़े । यह प्रोडक्शन तभी बढ़ सकता है जब हम मजदूर का भी ख्याल करेंगे । हमें यह देखना होगा कि वह अच्छे वातावरण में पैदा हो, वह इस तरह के वातावरण में पैदा न हो, जिस तरह के वातावरण में वह पैदा हुआ है । जब तक मजदूर का स्टैंडर्ड ऊंचा नहीं होता तब तक प्रोडक्शन भी एफीशियेन्ट और अच्छा नहीं हो सकता । मजदूर का सारा जीवन गन्दगी में बीतता है । उसे अच्छा वातावरण मिलना चाहिए ।

इसके साथ साथ मैं आर्टिजंस की बात भी कहे बिना नहीं रह सकती । इन आर्टिजंस का भी एक्प्लोइटेशन होता है । सभी आर्टिजंस का शोषण होता है । चाहे बनारस में जरी का काम करने वाला हो, चाहे काश्मीर में शाल का काम करने वाला हो, चाहे छोटे जूते बनाने वाला हो, सभी का एक्प्लोइटेशन होता है । यह एक्सप्लोइटेशन इसलिए होता है कि इन्हें मार्किट के लिए कारखाने वालों पर निर्भर करना पड़ता है । आप छोटे छोटे कारखाने खोलने जा रहे हैं । लेकिन जब तक आप उनकी प्रोड्यूस के लिए उन्हें मार्किट नहीं देंगे तब तक बड़े बड़े कारखाने वाले उनका एक्सप्लोइटेशन करते रहेंगे । लुधियाना और पानीपत में छोटी-छोटी इण्डस्ट्रीज हैं । हेण्डलूम का, रंगाई का वहां काम होता है । छोटे छोटे लोग वहां प्रोडक्शन करते हैं, लेकिन उनके पास मार्किट नहीं है और उन्हें अपना माल कारखानेदारों को देना पड़ता है । उनकी प्रोड्यूस का उन्हें जितना मुनाफा मिलना चाहिए उतना उन्हें नहीं मिलता है । यह सारा मुनाफा बड़े कारखानेदारों को चला जाता है । इसलिए मैं चाहूंगी कि जहां भी आप इन इण्डस्ट्रीज को खोलें वहां उनकी मार्केटिंग का पूरा इन्तजाम करें ।

आज उद्योग मन्त्री जी कह रहे थे कि बिहार में सबसे ज्यादा बड़ी इंडस्ट्रीज हैं और वहां सबसे ज्यादा गरीबी है । इसलिए हम इसके पक्ष में नहीं रहे कि हरियाणा में बड़े उद्योग लगें । जब हम छोटे उद्योग खोलने जा रहे हैं तो हमें मजदूरों की भलाई के लिए भी कदम उठाने होंगे । जो हमारा स्किल्ड लेबर है या अनस्किल्ड लेबर है उसकी तनख्वाह के अनुपात में हमें उसके लिए सुविधाएं जुटानी पड़ेंगी । मैंने कहीं पढ़ा था, हो सकता है कि यह गलत हो, हम जितना प्रोडक्शन करते हैं उसके हिसाब से ज्यादा मजदूरी उसको देते हैं । हमें इसलिए उसको सुविधाएं देनी पड़ेंगी, हमें उसके स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना पड़ेगा जिससे वह ज्यादा मजदूरी कर सके और प्रोडक्शन करने में उसकी सहानुभूति हो । कोई कारखाना आजकल ऐसी जगह नहीं है जिस के पास दारू की दुकान खड़ी न कर

दी गई हो । जहां स्कूल होना चाहिए वहां दारू की दुकान है । गुड़गांव में मैंने एक पोल्ट्री फीड की फैक्ट्री देखी । वहां 15–20 वर्कर्ज से मैं मिली । उनमें से पांच सात पढ़े लिखे थे, बाकी अनपढ़ थे । उन अनपढ़ों में भी कुछ स्किल्ड थे । उसके पास ही दारू की दुकान थी । मैनेजमेंट की तरफ से अगर वहां स्कूल खोल दिया गया होता जहां वे एक दो घंटे जाकर पढ़ लेते तो कितना ही अच्छा होता । अब उनका पैसा वहीं का वहीं दारू की दुकान में दारू पीने में खर्च हो जाता है । मैं चाहती हूं कि आपको वहां स्कूल उनके वास्ते खोलने चाहिये बजाये इसके कि दारू की दूकानें खोलने की आप इजाजत दें । इससे समाज को भी और उनको भी फायदा होगा ।

कुछ कारखाने हैं जहां काम करने पर मजदूरों का स्वास्थ्य बहुत जल्दी खराब हो जाता है जैसे रूई का कारखाना है, सीमेंट का है । वहां पर सावधानी के तौर पर ताकि मजदूरों की सेहत खराब न हो कोई प्रबन्ध नहीं किया गया है । वे बहुत जल्दी टी० बी० के पेशेंट हो जाते हैं । एक बार उन्होंने छुट्टी ली तो हमेशा के लिए उनकी छुट्टी कर दी जाती है । मैं चाहती हूं कि आप अपने तौर पर करें या प्रान्तीय सरकारों के जरिये करें आपको यह पता लगाना चाहिये कि सीमेंट के या रूई के कारखानों में या दूसरे कारखानों में कितने अर्से में लेबर को और कितनी प्रतिशत लेबर को टी० बी० आदि बीमारियां हो जाती हैं वे रोगग्रस्त हो जाते हैं । उसके बाद आपको चाहिये कि वहां पर आप इस बात का इन्तजाम कराएं जिससे मजदूर रोगग्रस्त इतनी जल्दी न हो सकें और कारखानेदारों को कहें कि वे मजदूरों को कांफिडेंस में लें, उनका सहयोग ज्यादा से ज्यादा लेने की कोशिश करें ताकि उनका प्रोडक्शन भी बढ़े और सामग्री भी अच्छी पैदा हो ।

इतना ही मैं आपसे निवेदन करना चाहती थी ।

SHRI P. THIAGARAJAN (Sivaganga): So far as this subject of labour is concerned there are so many categories of labourers—agricultural, mill workers, etc.

So far as agricultural workers are concerned, there are two special Acts. But the workers are not properly paid. Even the bond system is still existing in various parts of Tamilnadu. The agricultural labourers are not given protection by the Government. They are not employed throughout the year. They are employed only for three or four months a year. The remaining eight months are wasted and they remain unemployed.

In Tamilnadu there are two Acts—Cultivating Tenants Protection Act and Tanjore Pannyal Protection Act. No doubt these are meant to protect the labourers and farm workers but they do not get proper protection.

The agricultural labourers do not get protection at all. They are paid only Rs. four or five per day. They cannot maintain their family which comprises of six or seven children. They cannot educate their children. They cannot meet their necessities of life.

When we take into account the conditions of labourers, they must be given protection. There must be an office to look into the welfare of the labourers.

As far as the agricultural labourers in our parts of the area are concerned, there are so many persons who have been repatriated from Burma and Ceylon. They are settled in Tamilnadu in various parts of the districts and they are unemployed throughout the year; they are hard-working and capable persons. Unfortunately they are not absorbed in either agricultural operations or in the mills. They are wasting their time. The country is not utilising the labour of these persons who have done so much for Burma and Ceylon and who have now

[Shri P. Thiagarjan]

come to India. Their services are not properly utilised by Government.

The workers employed in spinning mills and weaving mills are not given proper protection; as far as medical facilities are concerned, there are no such medical facilities and employers are not bothered about it. As far as management is concerned they want to squeeze the workers. They are not given residential quarters; they are not given medical facilities; they are not even paid their minimum wages. Even the badli workers are thrown out of employment by the management without any proper notice or proper legal action. Most of the workers in our part are compelled to work more than the prescribed time. They are not even paid the proper amount for the additional work. Absolutely there is no facility for their residential accommodation. They will have to come from far off places to attend to the mill work. So far as these workers employed in the textile mills are concerned, no encouragement is being given either by the labour Officer or by the Management. If they meet with any difficulties from the management, they will have to seek remedy from the Labour Officers who are supposed to be agents of the management. The Labour Officers themselves consider themselves as agents of the management. The welfare of the workers is not at all considered by the Labour Officer. Industrial disputes which are to be considered and reconciled by the Labour Officers are not settled smoothly and quickly.

Sir, when a worker is thrown out of employment naturally he has to seek remedy from the Labour Officer who is the proper person to look into the matter. The poor worker has to wait for a number of months. He is not given the remedy quickly.

So, he has to incur so much of expenses. He is not getting employment. And ultimately he has to seek the remedy in the court of law. Even in the Labour Tribunals they have got a number of cases of labour disputes which they are not able to dispose of quickly.

In order to dispose of the labour disputes quickly, I suggest that the Government may appoint special category of judges to deal with only the industrial dispute cases. For this purpose, the district level officers may be appointed. Apart from that, the labour dispute cases may be dealt with by the high court or by some other appellate courts.

As far as various acts which protect the welfare of the labourers are concerned, I say that no act will help the labourers. Take even the Industrial Disputes Act, Workmen's Compensation Act, the Minimum Wages Act and other acts. They are not helpful to the labourers. On the contrary, these acts are helpful to the management. If you take into account various recommendations, like the Wage Board Recommendations, they are not binding upon the management. If we simply say that the Wage Board recommendations should be implemented, the management may refuse to implement those recommendations. In that event, the labourers have no other alternative except to resort to strikes. There is no remedy and they are not bound to abide by the wage board's recommendations. For example, a Committee was formed under the chairmanship of Shri Ramanujam by the previous Lok Sabha which was mainly constituted to go into and evaluate the impact of the scheme of workers, trade unions and the employers and to suggest some modifications. But, these have no effect and these recommendations have not been implemented.

When we take all these factors into account, I feel that the Labour Ministry of the Government of India should give protection. The hon. Labour Minister must be able to enact a law so as to bring all categories of labourers under the Union Act to deal with this.

श्री वाई० पी० शास्त्री (रीवा) : माननीय सभापति महोदय, श्रम मन्त्रालय की मांगों का मैं इस आशा और विश्वास के साथ समर्थन कर रहा हूं कि मजदूरों के प्रति वर्तमान सरकार के दृष्टिकोण में क्रान्तिकारी परिवर्तन आया है । पिछली सरकार का दृष्टिकोण केवल मजदूरों के प्रति मौखिक सहानुभूति व्यक्त करना था, वास्तव में उनकी नीति तो मालिकों द्वारा मजदूरों का शोषण करने का अवसर प्रदान करने की थी ।

पिछले दिनों जो कुछ होता रहा है, उससे बिल्कुल हट कर मजदूरों के प्रति एक नया दृष्टिकोण जनता पार्टी की सरकार ने अपनाया है । मजदूरों ने समूचे देश में सरकार की वर्तमान नीति का समर्थन किया है और उनके हृदय में बहुत बड़ा उत्साह है और सरकार से बड़ी-बड़ी आशाएं उनको हैं ।

पिछली सरकार ने कहने के लिये कानून तो बहुत बनाये थे, मजदूरों के नाम पर, चाहे वह पेमेंट आफ मिनिमम वेजेज एक्ट हो, चाहे इंडस्ट्रियल रिलेशन्स एक्ट हो या इडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट हो, लेकिन ये सारे कानून केवल कागजों तक ही सीमित रहे । मजदूरों को इनसे न्याय नहीं मिल सका । ऐसे कानून बनाये जिससे कभी भी मजदूर अपने हितों का संरक्षण नहीं कर सका, उसके साथ न्याय नहीं हो सका ।

मैं चाहता हूं कि हमारे प्रगतिशील श्रम मन्त्री नवयुवक हैं, वे इन सारे सवालों को नये परिप्रेक्ष्य में देखें और एक क्रान्तिकारी परिवर्तन उन सब में लायें । इन कानूनों को बदलने की बहुत बड़ी आवश्यकता है । मैं थोड़े से समय में कुछ मोटी-मोटी बातें सदन के सामने रखने का प्रयास कर रहा हूं ।

आज मजदूरों की न्यायोचित मांगों को जल्दी से जल्दी पूरा कराने के लिए कोई प्रभावकारी व्यवस्था नहीं है । उन की मांगों की सुनवाई नहीं होती है । हमारा सरकारी तंत्र बड़ा हास्यास्पद और विचित्र है । अगर मजदूर हड़ताल का नोटिस देते हैं, तो श्रम विभाग के अधिकारी मालिक और मजदूरों के प्रतिनिधियों को बुलायेंगे । अगर मालिक न आये, तो वे उसे आने के लिए मजबर नहीं कर सकते । उन्हें यह अधिकार नहीं है कि वे मजदूरों की न्यायोचित मांगों को मालिक से मनवा सकें । 15, 20 दिन या एक महीने तक कनसिलिएशन प्रोसीडिंग्स चलती रहती हैं । अक्सर मालिक समय मांग लेंगे कि हम एक महीने के बाद जवाब देंगे, और उसके बाद कह देंगे कि हम इन मांगों को स्वीकार नहीं कर सकते हैं । तब अधिकारी कुछ भी नहीं कर सकते हैं, सिवाए यह रिपोर्ट देने के कि कनसिलिएशन प्रोसीडिंग्स फेल हो गई हैं ।

चीफ लेबर कमिश्नर भी इस विषय में कुछ नहीं कर सकते । वह मजदूरों की बात को सुने बिना उनकी कुछ मांगों को—सब मांगों को नहीं —एडजुडिकेशन के लिए भेज देंगे । इसके बाद सालों तक चलने वाली बहुत लम्बी प्रक्रिया शुरू हो जाती है । मामला ट्रिब्यूनल में जायेगा और फिर हाई कोर्ट में जायेगा । मालिक के पास बहुत पैसा होता है; वह सुप्रीम कोर्ट तक जायेगा । इस तरह कारखाने या खदान में काम करने वाले मजदूरों को कभी भी न्याय नहीं मिल सकता है । उनके पास न पैसा है, न समय है, न धीरज है कि वे बड़े बड़े पूंजीपतियों और उद्योगपतियों से लड़ सकें । मैं श्रम मंत्री से निवेदन करूंगा कि वह इन कानूनों में क्रान्तिकारी परिवर्तन करें ।

सबसे पहले तो आवश्यकता इस बात की है कि कम्पलसरी आरबिट्रेशन की

[श्री वाई० पी० शास्त्री]

व्यवस्था की जाये । अगर मालिक मजदूरों की मांग को स्वीकार करने में असमर्थता प्रकट करता है, तो अनिवार्य रूप से उसका आरबिट्रेशन होना चाहिये, और उसका निर्णय मालिक और मजदूरों दोनों के लिए बंधनकारी और मान्य हो । तभी मजदूरों को न्याय मिल सकता है । अभी तक जो प्रणाली है, वह मजदूरों के हितों की रक्षा करने वाली प्रणाली नहीं, बल्कि शोषकों, उद्योगपतियों के हितों का संवर्द्धन करने वाली प्रणाली है । इसमें आमूल परिवर्तन होना चाहिये । मैं उम्मीद करता हूं कि जनता पार्टी की सरकार इस बारे में तत्काल निर्णय लेगी और मंत्री महोदय उत्तर देते समय स्पष्ट रूप से घोषणा करेंगे कि कनसिलिएशन प्रोसीडिंग्स की विलम्ब करने वाली प्रणाली समाप्त कर दी जायेगी, ताकि मजदूरों की न्यायोचित मांगों के सम्बन्ध जल्दी से जल्दी निर्णय हो सके और उन्हें न्याय मिल सके, और मजदूर समझ सकें कि सचमुच आज उनकी सरकार है—ऐसी सरकार है, जिसे उसके हितों की चिन्ता है ।

पिछली सरकार ने मजदूरों के साथ जो बहुत बड़ा अन्याय किया था, उसका निराकरण तत्काल होना चाहिए । आपातकाल की, घोषणा का सबसे अधिक प्रभाव इस देश के श्रमिक वर्ग पर पड़ा था । उनका 8.33 प्रतिशत बोनस, जो उन्होंने बहुत बड़े संघर्ष के बाद प्राप्त किया था, छीन लिया गया । अचानक कह दिया गया कि अब तो केवल 4 प्रतिशत बोनस रहेगा और केवल वही कारखाने, वही संस्थान देंगे जो मुनाफा कमाते हैं । अब मुनाफा कमाने का तो मामला इतना पेचीदा है कि इसकी कोई जांच हो ही नहीं सकती । कोई भी बड़ा उद्योगपति कभी यह नहीं कहता कि हमें मुनाफा हुआ है । वह तो हमेशा घाटा ही बताता है, नहीं तो उसे इनकम टैक्स, सेल्स टैक्स और वेल्थ टैक्स देना पड़ेगा । इसलिए वह कभी भी सही मुनाफा बता नहीं सकता और मजदूरों को बोनस मिल नहीं सकता । जो उनकी गाढ़ी कमाई का पैसा है वह उनको नहीं मिल सकता । यह सिद्धांत मान लिया गया था कि यह बोनस उनकी मजदूरी है, डेफर्ड वेजेज है । यह वह मजदूरी है जो सही माने में मजदूर को दी नहीं गई थी इसलिए 12 महीने काम करने के बाद एक महीने का वेतन 8.33 प्रतिशत के रूप में उन्हें दिया जाय । आपात स्थिति में यह समाप्त कर दिया गया । लेकिन मैं यह निवेदन कर देना चाहता हूं कि आज का मजदूर उसके लिये अब और अधिक इंतजार करने के लिए तैयार नहीं है । उनको बहुत बड़ी बड़ी आशाएं हमारी जनता सरकार से हैं । इसलिए मंत्री जी आज या कल जब मंत्रालय की मांगों का जवाब दें तो इसकी भी घोषणा वे करें कि यह 8.33 प्रतिशत बोनस अनिवार्यतः सभी मजदूरों को मिलेगा ।

इसमें आप इसकी परवाह न करें कि कोई यह कहेगा कि इससे मुद्रास्फीति बढ़ जाएगी । यह बात मैं बहुत सुनता हूं और मुझे बहुत दुख होता है कि इससे कि जो लोग समझते नहीं कि मुद्रा-स्फीति कैसे बढ़ती है वे लोग इसका नारा लगाते हैं कि मनी सप्लाई बढ़ जाएगी और उससे महंगाई और बढ़ जायेगी । यह एक कहने का तरीका हो गया है । कोई इसकी गहराई में नहीं जाता चाहात कि मुद्रा-स्फीति बढ़ती कैसे है उसके परिणाम में महंगाई कब बढ़ती है । मुद्रा-स्फीति बढ़ने का मामला तो तब होता है जब रुपया इकटठा करके संग्रह के रूप में रखा जाय या उसका उपयोग अधिक से अधिक चीजों की खरीद करने में किया जाय । उत्पादन कम हो और उस पैसे का उपयोग अधिक से अधिक चीजों को इकटठा करके रखने में किया जाय तब मुद्रा-स्फीति बढ़ती है और उसके परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ती है । लेकिन

मजदूरों के मामले में तो रुपया संग्रह करके रखने का सवाल ही नहीं पैदा होता । वह तो हैड टू माउथ रहता है । काम कर लाता है, खा जाता है । उसको पैसा देने से मुद्रा-स्फीति का खतरा कहां आता है ? वह तो उसका पैसा है जो उसको मिलना चाहिये, उसकी मजदूरी है वह । वह उसका संग्रह नहीं कर सकता । वह उससे आवश्यक वस्तुयें खरीद कर उनका संग्रह करके उससे मुनाफाखोरी भी नहीं कर सकता । वह पैसे तो केवल उसके खाने के लिए और जो उसकी न्यूनतम आवश्यकतायें है उनकी पूर्ति के लिए भी पर्याप्त नहीं है । वह बोनस जो आप देंगे वह उसकी आवश्यकता की पूर्ति के लिए भी पर्याप्त नहीं होगा । तो उससे मुद्रा-स्फीति नहीं होने वाली है ।

दूसरी ओर यह बोनस जिसको मिलेगा, उसकी वास्तविक मजदूरी उसको मिलेगी तो उसका उत्साह बढ़ेगा और उससे वह और अधिक उत्पादन करेगा । जब उत्पादन बढ़ेगा तो उससे मुद्रा-स्फीति रुकेगी । मुद्रा स्फीति रोकनें का इससे कारगर तरीका दूसरा कोई नहीं हो सकता । उसका यही उपाय है । और यह तो देखा जा चुका है, अनुभव से यह सिद्ध हो चुका है कि अगर मजदूर के साथ न्याय किया जाय, उसको सही मजदूरी दी जाय, उसका बोनस उसको दिया जाय, उसके अधिकार दिए जायें, तो उससे उत्पादन बढ़ता है । अभी पिछले दिनों हमारे रेल मंत्री ने इसी सदन में बताया था कि चूंकि हमने रेल मजदूरों के साथ न्याय किया, पिछली हड़ताल के समय जिनको निकाला गया था उन सबको काम पर वापस ले लिया , तो उसका नतीजा यह हुआ कि पिछले साल जो डेढ़ करोड़ का उत्पादन हुआ था उसकी जगह इस साल छः करोड़ का उत्पादन हुआ है । जो उत्पादन के केन्द्र हैं चाहे वह डीजल इंजन का कारखाना हो, चाहे वैगन बनाने का कारखाना हो, उन सबमें मिला कर 6 करोड़ का उत्पादन हुआ है । इससे साबित हो गया है कि मजदूरों को दबा कर रखने से, उनको भूखा रखने से आप उत्पादन नहीं बढ़ा सकते, बल्कि उनके साथ न्याय करके, उनके उचित हकों को उन्हें देकर उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है । यही सबसे बड़ा तरीका है । इन्फ्लेशन रोकने का भी यही सबसे कारगर फारमूला है । इसलिए यह बोनस उनको देने की घोषणा तत्काल श्रम मंत्री जी करें ।

इसी तरह से जो यह कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम की रकम जुलाई में देय डिपाजिट स्कीम को रकम जुलाई में देय थी और उसे प्राविडेंट फंड में डाल दिया गया, पिछली बार जब यह प्रकरण आया था तब भी मैंने उसके लिए कहा था और आज भी कहना चाहता हूं कि यह उनके साथ अन्याय है । यह पैसा उनको वापस किया जाना चाहिये । बहुत बड़ी उम्मीद मजदूरों ने की थी कि जनता पार्टी की सरकार आएगी तो हमको अवश्य ही यह पैसा वापस मिल जाएगा । लेकिन यह उनके प्राविडेंट फंड में डाल देने का जो निर्णय लिया गया है यह उनके साथ बहुत बड़ा अन्याय किया गया है । एक तो महंगाई भत्ता उन्हें यों ही पूरा नहीं मिलता है, बहुत कम मिलता है । जितनी महंगाई है उसमें मात्रा में महंगाई भत्ता उसको मिलता नहीं है क्योंकि प्राइस इंडेक्स जिस तरह से आंकलित किया जाता है और जिस तरह से उसके आंकड़े तैयार किये जाते हैं वह बहुत ही गलत है । उन गलत आंकड़ों के आधार पर पूरी की पूरी महंगाई को न्यूट्रलाइज करने के लिए महंगाई भत्ता उन्हें नहीं दिया जाता । केवल कुछ जगहों में बैरिएबल डीयरनेस इलायेंस उनको मिलता है । जब सब जगह वह नहीं मिलता और जहां मिलता भी है वहां सूचकांक बढ़ने के अनुपात में पूरी महंगाई

[श्री वाई० पी० शास्त्री]

भत्ता उन्हें नहीं मिलता । जो महंगाई होती है उसको देखते हुये उसको न्यूट्रलाइज करते हुये नहीं मिलता है, उसका आधा ही मिलता है । लेकिन उस महंगाई भत्ते का भी आपने उससे छीन लिया । पहले की सरकार ने तो उसके साथ सारे का सारा अन्याय किया ही था । उसको जबर्दस्ती उनके कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम में जमाकर दिया गया जब कि उन्हें इसकी आवश्यकता तत्काल थी, अपना अनाज खरीदने के लिए, कपड़ा खरीदने के लिए, अपने बच्चों को दवा देने के लिए । उस पैसे को पिछली सरकार ने अनिवार्य जमा योजना में जमा कर दिया था, उसका भुगतान होना चाहिये था और जब वह पैसा उनके हाथ में आने वाला था तो आपने अचानक निर्णय कर दिया कि उसका उनके प्रोविडेंट फंड में जमा करवा दिया जायेगा । उस दिन माननीय वित्त मंत्री ने जो घोषणा की उसका हमें स्वागत करना चाहिये कि प्रोविडेंट फंड में भी ब्याज की दर वही रहेगी जो कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम में थी, उसमें कमी नहीं होगी लेकिन ब्याज पर रुपया जमा कराने की हैसियत उन गरीब मजदूरों की नहीं है । यह बात तो मैंने संगठित क्षेत्र के मजदूरों के सम्बन्ध में कही ।

अब मैं आपके माध्यम से उस वर्ग के मजदूरों की स्थिति भी सरकार के सामने रखना चाहता हूं जो कि संगठित है जिनकी ओर कभी किसी ने देखा ही नहीं । इन असंगठित मजदूरों में खेतिहर मजदूर है, बीड़ी बनाने वाले मजदूर है, लोक निर्माण विभाग के मजदूर है, आरा मशीन और दाल मिलों में काम करने वाले मजदूर है तथा छोटे छोटे होटलों में काम करने वाले मजदूर है जिनका अपना कोई संगठन नहीं है । वे अपनी आवाज बुलन्द नहीं कर सकते है । पिछली सरकार ने तो उनके लिए कुछ किया नहीं लेकिन आज इस सरकार से हम उम्मीद करते है कि उनके लिए कुछ करेगी । उनकी मजदूरी की बात आप सुनेंगे तो हैरान रह जायेंगे । अगर उनकी सही सही मजदूरी बता दी जाये तो दुनियां उसको सुनकर हंसेगी । हमारे मध्य प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में एक मजदूर की प्रति दिन की मजदूरी 2 रुपए 40 पैसे है । जो वर्कजार्ज के मजदूर है उनको 1947 में जो 30 रुपया महीना मिलता था वही आज भी मिल रहा है । सरकार ही उनकी मालिक और नियोजक है । कोई पूंजीपति उनका नियोजक नहीं है । या 30 रुपया महीने की मजदूरी दुनियां में किसी ने सुनी होगी ? जो मजदूर सड़क और पुल बनाने का काम करते है उनको 2 रुपया 40 पैसा प्रति दिन मिलता है। पिछली सरकार ने बड़ जोरों से ढिंढोरा पीटा था कि खेतिहार मजदूर की न्यूनतम मजदूरी तय कर रहे हैं। कहीं तीन रुपया, कहीं साढ़े तीन और कहीं पर चार रुपया मजदूरी तय की गई। इस पर लोगों ने कहा कि आप किसानों से कहते हैं कि खतिहार मजदूरों को कम से कम इतना दो लेकिन जो स्वयं तुम्हारे मजदूर हैं, जिनसे सरकार स्वयं काम लेती है और जिनके काम के घण्टे भी 8 नहीं बल्कि 12-14 घण्टे होते हैं, जो पी०डब्लू०डी० में काम करते हैं उनको केवल 2 रुपया 40 पैसा प्रति दिन क्यों दिया जाता है ? इस असंगति कोई इस अन्याय को और इस शोषण को सरकार समाप्त करेगी या नहीं ? जनता पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र में वादा किया गया है कि अपने देश में अधिक से अधिक और कम से कम आमदनी का अन्तर एक और बीस से ज्यादा नहीं रहने दिया जायेगा और धीरे धीरे इसको एक और दस के अन्तर पर लाया जायेगा। आप इस बात को सोचें कि एक तरफ 30 रुपए महीने की मजदूरी है और दूसरी तरफ बड़े बड़े उद्योगपतियों की आमदनी है और

हमारे शासकीय क्षेत्र में राष्ट्रपति महोदय की 10 हजार रुपए महीने की तनख्वाह तो है ही ऐसी हालत में अगर एक और बीस का अन्तर रखना है तो कम से कम जो आमदनी हो वह 500 रु० मासिक से कम नहीं होनी चाहिये। अभी कुछ वर्ष पूर्व देश में बड़ा संघर्ष हुआ, रेल मजदूरों ने, खदान मजदूरों ने और कारखाना मजदूरों ने संघर्ष किया कि नीड बेंस्ड मिनिमम वेंज होनी चाहिए। श्री गजेन्द्र गडकर की अध्यक्षता में थर्ड पे कमीशन ने 1974 में एक हिसाब लगाकर रिपोर्ट में लिखा है। न्यूनतम मजदूरी यदि जरूरत के आधार पर, आवश्यकता के आधार पर आंकी जाये, तो उस समय 1974 में 314 रुपये से कम नहीं होगी। उस के बाद महंगाई काफी बढ़ी है, इस लिये अब तो और ज्यादा होनी चाहिए, लेकिन 314 रुपए से कम तो किसी मजदूर को मिलना ही नहीं चाहिए—ऐसा उस समय गजेन्द्र गडकर कमीशन ने लिखा था। लेकिन उस सरकार ने कमीशन की उस सिफारिश को नहीं माना। मैं जानना चाहता हूं कि अब हमारी सरकार इस सम्बन्ध में क्या करने जा रही है। मैं चाहता हूं कि जनता सरकार सब से पहले उच्च-प्राथमिकता इस सवाल को दे, क्योंकि यह देश का सचमुच में सबसे निचला तबका है।

अन्तोदय की बात हमारे प्रधान मंत्री जी ने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर प्रस्तावित कृतज्ञता प्रस्ताव के उत्तर में कही थी। हम को अन्तोदय का आदर्श अपने सामने रखना है, अन्तवाला कौन है, अन्तिम स्थिति में नीचे के स्तर पर कौन लोग हैं? हमारे देश के खेतिहर मजदूर, पी० डब्ल्यू० डी०, मजदूर, सर्वहारा समाज, जिन के पास रहने के लिए मकान नहीं है, जिन के पास सिर छुपाने के लिए जगह नहीं है—यह समाज है जिस की तरफ़ हमारा ध्यान जाना चाहिए। भादों के महीनों में, जब वर्षा की झड़ी लगी होती है—उस समय अगर कोई खेतिहर मजदूर एक दिन खेत में काम करने नहीं गया, तो वह बड़ा किसान उस को उसके झोपड़ से निकाल कर बाहर कर देता है। अपने बाल-बच्चों, पत्नी को लेकर उस भादों की अंधेरी रात में पेड़ के नीचे जा कर बैठता है—यह हालत है उस सर्वहारा समाज की। इन्होंने पिछले दिनों बहुत ढिंढोरा पीटा कि बन्धक मजदूरों को मुक्त कर दिया गया है, लेकिन वास्तविकता यह है कि उन को कहीं भी मुक्त नहीं किया गया। मैं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के बारे में जानता हूं, जहां तक बन्धक मजदूरों की प्रथा है। जहां भू-स्वामी लोग कुछ थोड़ा सा कर्जा दे देते हैं और पीढ़ी-दर-पीढ़ी परिवार-भर के लोगों को बन्धक-मजदूर बना कर रखते हैं। अगर वह काम करने न जाये, कम से कम मजदूरी पर काम करने से इन्कार करे तो उनको उनके घरों से निकाल कर बाहर कर दिया जाता है। आज तक इतनी सुरक्षा भी उन को प्रदान नहीं की गई है कि जिस जमीन पर उन का घर बना हुआ है, उस से उन को नहीं निकाला जाएगा—यह हालत है आज इस देश के करोड़ों लोगों की।

कहा गया है कि 98 लाख लोग बेकार हैं—ये आंकड़े एम्पलायमेंट एक्सचेंज में दर्ज नामों के आधार पर दिए गए हैं। मैं समझता हूं कि ये आंकड़े गलत हैं, एम्पलायमेंट एक्सचेंजों में नाम दर्ज कराने वाले बहुत कम लोग हैं। यदि गांव-गांव का सर्वेक्षण किया जाये तो आप को मालूम होगा कि यह संख्या सात करोड़ से कम नहीं है। जो लोग एम्पलायमेंट एक्सचेंज में नाम दर्ज कराते हैं, जब उन को नौकरी नहीं मिलती, चार-चार, पांच-पांच साल बीत जाते हैं उनको इन्टर्व्यु तक के लिए काल-लैटर नहीं मिलता तो फिर अपने कार्ड को रिन्यू कराने नहीं जाते। यह हालत हमारे एम्पलायमेंट एक्सचेंज की है। इसको छोड़िए—बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं, जिन को एम्पलायमेंट एक्सचेंज के बारे में ज्ञान नहीं है। हमारे बस्तर का क्षेत्र है—वहां जा कर पूछिये, उन को पता ही नहीं

[श्री वाई० पी० शास्त्री]

है कि एम्पलायमेंट एक्सचेंज भी कोई चीज है जहां नौकरी के लिए नाम दर्ज कराना होता हैं।

हमारे देश में बरोजगारी की स्थिति बड़ी भयावह होती जा रही है। इस का तत्काल निदान न किया गया तो बहुत बड़ा विस्फोट होगा इस के लिए बहुत दिनों तक प्रतीक्षा नहीं की जा सकती। मैं अपनी सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं--हमारे चुनाव घोषणा पत्र में जो वायदा किया गया है कि हम रोजगार का अधिकार, काम पाने का अधिकार मौलिक अधिकार के रूप में इस देश के नौजवानों को प्रदान करेंगे--उसके पालन करने का समय अब आ गया है। अब हम यह नहीं कह सकते हैं कि संविधान में यदि काम के अधिकार का फण्डामेंटल राइट्स में जोड़ेंगे तो यह राज्य विधान सभाओं में पास नहीं होगा, क्योंकि फण्डामेंटल राईट्स में यदि कुछ जोड़ना है तो इस तरह का संशोधन केवल लोक सभा में पास करना ही पर्याप्त नही होगा, यह आधे से अधिक विधान सभाओं में भी पास होना चाहिये। आज देश की जनता ने यह अवसर प्रदान कर दिया है कि अब हम इस को विधा नसभाओं में भी पारित करा सकते हैं। इस काम में अब विलम्ब नहीं करना चाहिये। इस देश के करोड़ों नवयुवकों को यह आशा की किरण देनी चाहिये। यह एतिहासिक लाभ होगा और इस काम के लिये आगे आनेवाली पीढ़ियां सदा के लिये जनता सरकार को याद रखेंगी। इसका लाभ केवल आज नहीं होगा, बल्कि पीढ़ी दर पीढ़ी लोग इसको प्राप्त कर सकेंगे और उनके जीवन से निराशा दूर होगी। इस देश का नागरिक यह नहीं समझेगा कि उसकी सन्तान भूखों मरेगी। उनको इतना विश्वास होगा कि जो कोई इस देश में पैदा होगा, उसको 18 वर्ष की उम्र के बाद अपनी आजीविका प्राप्त करने का अधिकार रहेगा। अगर काम नहीं मिलेगा तो बेरोजगारी का भत्ता मिलेगा ताकि वे भूखा न मर सके। वह इन सुविधाओं से वंचित न रहे, इसलिए यह नितान्त आवश्यक है कि हम तुरन्त संविधान में संशोधन करें। हमारे ऊपर जनता ने जिम्मेदारी डाली है। हमें तुरन्त सदन के समक्ष यह संशोधन लाना चाहिए। इस संशोधन को पारित कर हमें अपने वचन को पूरा करना चाहिए।

इसके साथ ही मैं अपनी सरकार से कहना चाहूंगा कि श्रमिक क्षेत्र में हमें समन्वित रूप से एक नीति लाना चाहिए। पिछले दिनों जो सरकार की नीति रही, चाहे वह श्रमिक क्षेत्र हो, चाहे उद्योग का क्षेत्र हो, चाहे और कोई क्षेत्र हो, उन सभी में यह रही कि अपने पिछलग्गुओं का एक गिरोह तैयार किया जाए जो हमारे विरोध में या कांग्रेस के विरोध में बोलने वाला न हो और जो बोले उसका मुंह दबाने वाला हो। देश के सारे कारखानों में, उत्पादन के केन्द्रों में इस तरह के संगठन खड़े किये गये। जो इस संगठन में लोग थे उनका मजदूरों पर कोई प्रभाव नहीं था। वे मालिकों से मिले रहते थे। जिस मांग के लिए सरकार की तरफ़ से इशारा होता था कि मांग मान लो, उस मांग को मालिक लोग उनके माध्यम से स्वीकार कर लेते थे। जो मजदूरों के बीच में सही काम करने वाले लोग थे, जो उनके लिए लड़ने वाले थे उनको दबाया जाता था। सरकार का संरक्षण ऐसे लोगों को प्राप्त था। उन्हीं लोगों के संगठनों, इन्टक को, मान्यता दी जाती थी। इन्टक के लोग चुनाव में हारते थे, मजदूरों का उनको विश्वास प्राप्त नही था। लेकिन इन्टक के लोग ही मजदूरों के भाग्य विधाता थे। मजदूरों के लिए समझौता करने का अधिकार उन्हीं को मिला हुआ था, चाहे उनका कोई प्रभाव मजदूरों में हो या न हो। विवश होकर मजदूर उनके पास जाते थे। लेकिन अब यह चीज नहीं चलने दी जाएगी, इस तरह की गिरोह-

बाजी को, इस तरह की आतंकवादी हरकतों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । सही मायनों में जो संस्थाएं मजदूरों का प्रतिनिधित्व करती हैं, उन्हीं को मान्यता मिलनी चाहिए । जो लोग सचमुच मजदूरों में प्रभाव रखते हैं, मजदूरों में काम करते हैं, उन्हीं को मान्यता दी जानी चाहिए ।

आपात्कालीन स्थिति के दौरान एक नाटक रचा गया कि संयुक्त समितियां सब जगह बनाई जाएंगी । शाप फ्लोर और प्लांट स्तर पर मजदूरों की भागीदारी के लिए ये समितियां बनाई जायेंगी । यह कहा गया कि मजदूरों को प्रबन्ध में भागीदारी देने के लिए ये समितियां बनाई जा रही हैं । वे ही लोग इन समितियों में लिये गये जो तानाशाही के पिछलग्गू थे । उनके सामने कारखानों में कोई लेखा-जोखा या हिसाब नहीं रखा जाता था । अब यह बिल्कुल नहीं होना चाहिये । इस तरह की जो समितियां हैं उनमें मजदूरों के सही प्रतिनिधि होने चाहिएं । अब समय आ गया है कि सही मायनों में जो मजदूरों का प्रतिनिधित्व करते ह वे ही इन समितियों में जाएं । तभी वास्तव में मजदूरों की भागीदारी मानी जाएगी । भागीदारी का अर्थ यह है कि मजदूरों के सही प्रतिनिधि उनमें भागीदार हों । मजदूरों के सही प्रतिनिधियों के लिए आप चुनाव करायें । माननीया अहिल्याबाई जी ने कहा कि मजदूरों के सही प्रतिनिधि तय करने के लिए गुप्त मतदान की प्रणाली से चुनाव हों और आप यह जानें कि कौनसी संस्था सही मायनों में मजदूरों का सही प्रतिनिधित्व करती है। अगर प्रतिनिधित्व देना है तो सही मायने में प्रतिनिधित्व वाली जो यूनियनें हैं उसको प्रतिनिधित्व मिलना चाहिये । सचमुच में मजदूरों का जो विश्वास पात्र संगठन है, जो संस्था है, जिस पर उनका विश्वास है उसके प्रतिनिधि होने चाहियें । संयुक्त समितियां हों, या कोई भी समिति हो उसमें नाटक या आडंबर नहीं रचा जाना चाहिये और मजदूरों का कारखाने में मुनाफे में भी हिस्सा होना चाहिये, तभी वह सही भागीदारी होगी । जो कुछ भी कारखाने में मुनाफा होता है उसमें उसका हिस्सा होना चाहिये । कारखाने का सही हिसाब किताब मजदूरों को मालूम होना चाहिये । जो एकाउण्ट्स हैं उन तक उनकी पहुंच होनी चाहिये । फिर जो कुछ भी मुनाफा हो उसमें उनका हिस्सा होना चाहिये, वही सही भागीदारी होगी । इसके बिना भागीदारी का कोई मतलब नहीं है ।

आज ही सुबह सिक मिल्ज की चर्चा हो रही थी । सिक मिल्ज कैसे बनती है? जान बूझ कर इनको बीमार मिलें बनाया जाता है । सारा मुनाफा खा जाते हैं मालिक लोग, सब कुछ बेच डालते हैं और उसके बाद मुआवजा लेने के लिये सिक मिल उसको बना देते हैं । सिक मिल्ज को चलाने की जिम्मेदारी सरकार पर डाल दी जाती है । चाहे सिक मिल्ज हों या दूसरी तरह की हों मजदूरों का शोषण ज्यों का त्यों जारी है । बजाये इसके कि सरकारी अफसर जाकर किसी मिल को चलाएं उस मिल में जो उत्पादन करता है, जिन के ऊपर देश का उत्पादन बढ़ाने की जिम्मेदारी है, जिसके ऊपर देश की आवश्यक वस्तुए मुहैया करने की जिम्मेदारी उनके हाथों में उस मिल को दे देना चाहिये । जो पसीना बहाते हैं, उनका स्वामित्व उस मिल पर होना चाहिये । वे ही उसको चलायें । यह आवश्यक है और देश की श्रमिक जनता सरकार से इसी बात की उपेक्षा करती है ।

इन शब्दों के साथ मैं श्रम मंत्रालय की मांगों का हार्दिक समर्थन करता हूं ।

SHRI VAYALAR RAVI (Chirayinkil): First of all, I would like to congratulate my old friend and colleague, Mr. Ravindra Varma, who is shouldering the responsibility for one of the vital Ministries of government.

[Shri Vayalar Ravi]

I was patiently hearing Mrs. Rangnekar, the Marxist Member. She was taking objection to some points in the 20-Point Programme. I do not know why she is objecting to these points which deal with bonded labour, minimum wages for agricultural workers and workers' participation in management.

I can understand her agony and anger. Her party had occasion to rule twice in two States, viz., West Bengal and Kerala. Unfortunately during its regime, her party had failed to look into any of the points—neither the bonded labour problem, nor the question of minimum wages for agricultural workers. My State, Kerala, can take credit for introducing minimum wages for agricultural workers for the first time in this country. Naturally, the Marxist Party will be angry, because we introduced these reforms and it was not done by any one of the governments run by her party.

In regard to workers' participation in management, Mr. Jyoti Bosu's government in West Bengal did not give any right of participation to workers in management in their own State government industries. Under the 20-point programme, 99,000 persons i.e., bonded labourers were set free. Unfortunately, the lady Member has objected to this. I am sorry about her remarks I wish she apcreciates these points. I can understand the anger of her party-men in regard to the Emergency; But she should not get angry with the economic programme.

16.28 hrs.

[MISS ABHA MAITI *in the chair*]

Now about the role of the workers in the country to-day. (*Interruptions*). The Janata party is in the government. The Janata party Members should place before the country what the facts are. The question is whether the governments in Kerala and West Bengal when they were run by Namboodiripad and Jyoti Bosu respectively, made any study, with any sincerity, to ascertain whether there was bonded labour in their States. Have they done anything? They have done nothing. My only request to them is to please rule West Bengal properly as they got another chance.

The workers in this country are the most-blackmailed. They are more responsible than others in this country. The working class in this country behaved in a responsible way during the emergency. They played an important role in the economic life of the country. Yet, unfortunately, they are blackmailed by the monopoly press and the employers. If we look at the whole class—I am not defending everything that has happened even in 1976—the workers have not resorted to strike, in spite of the fact that there are elements in the trade unions who used to say that they would rather see the nations starve to die and not allow the steel mills to function. The workers have played an very important role. But, I am sorry to say that the industrialists and employers behaved in a very irresponsible way and even he previous Government could not control them.

According to this Report the mandays lost is 21.9 million. The mandays lost due to lock-out ranged from 54 per cent to 90 per cent. During the last one year of emergency the employers made it a point to create hardship for the workers. Even though the workers behaved very well and in a responsible way, the employers and the monopolists always blackmailed them through the mass media.

To take one example there is one Mr. Dalmia who has two factories in Kerala. Something happened to the works and they protested to the management. The entire press, including the *Indian Express*, came out with four-column headlines that an industrialist was man-handled. What was the result? He closed down the paper

mill and another factory. He declared lock-out and went away. There is no law in the country either to prosecute him or to make him open the factory. Yet, the entire newspapers supported this industrialist. They are not looking at the plight of the poor workers who are starving today. Even though the schools are opened, the workers could not send their children to schools because they have no money to pay the school fee. When this is the condition of the workers, the newspapers are supporting the industrialists. So, I would say that the Minister should have a fresh look at the Industrial Disputes Act, which needs comprehensive change.

There is a provision in that Act for domestic enquiry, which means the workers lose their job. The employers appoint their own lawyers, have an enquiry and then dismiss the workers. Another locuna in the Act is that is not mandatory for the employers to go in for conciliation. I would say that conciliation must be made mandatory.

In 1976 we amended the Industrial Disputes Act to the effect that if there are more than 300 workers in a factory, the management cannot resort to lockout or lay off without the permission of the Government. At the same time it was provided that if they give 90 days' notice, it can be done. So, there is no meaning for this provision. Government have to come forward with a law which will prevent the employers from resorting to lockout or lay off, retrenchment or other hardship to the workers.

Another bad feature is police intervention in strikes. Shri Jyoti Bosu said that he will use the police against the workers.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): Did he say so?

SHRI VAYALAR RAVI: Yes, he said it. He said that illegal strike would be prevented and there will be police intervention against it. The police will come into the picture on the pretext of law and order. There is a past history behind every labour agitation. The police cannot simply say that it is a law and order problem and intervene. There should be some report before them to that effect. I am saying this because Shri Charan Singh wants to enforce discipline. Take, for instance, the strike in Modern Bakeries, Ernakulam. I am also President of one of the unions. The police intervened. I asked why. They said they had instructions from Delhi that the public sector must be protected. Instead of being an exemplary employer, the public sector, unfortunately, has become a privileged employer today, and the Labour Minister is helpless because he has no power to refer to adjudication any dispute in a public sector undertaking. He has to wait for the permission of the Under Secretary from the Ministry concerned who can veto it. What I am saying is past history. Definitely I share part of the responsibility, I am not escaping, but I am only appealing to the hon. Minister to reconsider it. This privilege given to the public sector enterprises is a very important point. You have to assert your rights. You should not wait for the Under Secretary of the concerned Ministry to give permission. You should guide the public sector management to be an example to all, including Jyoti Bosu's Government.

The Prime Minister said that they are not going to reduce the strength of Government servants by 10 per cent, but only they are not going to fill up the vacancies up to 10 per cent. It means practically they are reducing the strength by 10 per cent. What is the philosophy behind it? It is the same as that of the Congress Government.

The CDS was introduced by the Congress Government because of eco-

[Shri Vayalar Ravi]

nomic and financial constraints, to cut the money supply in the organised sector. Now, the Finance Minister, Shri H. M. Patel, has said the same thing and the scheme is being extended. Practically it has been made permanent. Why? Because they do not want the money to go to the workers. Under the law the scheme continues only up to June and in July they have to return one-fifth of the deposits with interest, but Government say thay are not paying. The reason is the same philosophy of financiall constraint, moncy supply having to be cut. So, what difference does it make between the Congress and the Janata Governments when there is a 10 per cent reduction in the staff, the CDS money is not returned and there is no bonus?

I am not blaming them about bonus. I know he will say that it was our law, but I will remind him that he is sitting there because he has made a promise that the Bonus Act will be amended. He has assured the workers that he will repeal it. Both of us come from the same State. He knows that in Kerala bonus has been customary from the time of Sir, C. P. Ramaswamy Aiyar's regime. I am proud that the Coalition Government of Kerala during the emergency forced every management to pay a minimum bonus of 4 per cent during Onam, but today the Kerala Government seems to be helpless, they cannot compel the industries to give bonus. So, we are going to face serious agitations in industries, including the public sector. So, I appeal to the hon. Minister to introduce a Bill to repeal the Bonus Act and see that bonus of 8 1/3 per cent is given to all workers.

Regarding workers' participation in management, I know he is very eager to introduce it and may expedite it.

The ESI scheme now covers 5.2 million workers, but now it applies only to factories employing more than 20 employees. Statictics show that the total number of workers is 19.6 million. Out of 19.6 million workers, you are covering only 5 million. A majority of the workers who are in the establishments which employ less than 20 workers, are not covered under this shceme. I know for a fact that the organised workers do not want this scheme at all, because they can get better medical facilities through the agreements with the employers. If the workers do not want it, please do not impose this scheme on them. If they can get better medical facilities through agreements, let them have it. I know, the ITI workers, Palghat represented to the Government that they should be given exemption from this ESI scheme. Moreover, the hospital facilities are not good. I know a hospital where cattles are in Ernakulam. Then ESI gives Rs. 100/- for funeral. ESI is not for funeral or killing people but to keep them medically fit. Many of the Unions which I represent, have requested the Minister to exempt them from this scheme. I request the Minister to extend this scheme to those establishments which employ less than 20 persons because. there, the workers do not get any medical facility from the employers and do not impose the scheme on those organised workers who do not want it.

About EPF scheme, I know the employees are very responsible and they are trying to clear the arrears of accounts. During the last two or three years, the EPF arrears have come down from Rs. 20 crores to Rs. 18 crores. Still, it is a huge amount. The Government has also launched prosecutions. But I feel the Government is not providing enough staff to the PF Commissioner and Regional offices. On the floor of this House, on many a occasion, I demanded that the Provident Fund Office should be made an autonomous body. If you

make it an autonomous body, they will get more powers and more authority. Now the EPF officers go up and down for getting a small thing done from the Ministry. So, I would appeal to the Minister to consider converting this into an autonomous body and give them more powers and staff.

There are 11 million unemployed youth in this country, but you have no provision to give them employment. May I request you to start an unemployed insurance scheme for these youth? There is lot of corruption in the employment exchanges and I would request the Minister to take some effective steps to eradicate corruption in the employment exchanges.

There is heavy indebtedness among the industrial workers. The moneylenders are exploiting these persons. There has been some attempt by the previous Government to eradicate rural indebtedness. I would request the Minister to take some steps to eradicate indebtedness among industrial workers.

The Port employees have threatened to go on strike. I appeal to the hon. Minister to see that this strike is averted so that our economy does not suffer in any way.

In conclusion, I have only one request to make to the hon. Minister. He has given great hopes to the workers that their grievances will be looked into and their lot will be improved. But the workers are always exploited by the ruling class. I have no doubt that the exploitation may continue because the ruling class is always on the winning side. They will try to exploit the workers. The entire machinery, the entire mass media, is controlled by the ruling class. That does not mean that you alone are a part of the ruling class. They are omnipotent and omnipresent. They always try to exploit the workers. An hon. Member on the other side was talking about the INTUC affairs because of his ignorance of the working of the INTUC. I say with great pride that I am a worker of the INTUC in my State and I can say that it stands for the cause of workers. It champions the cause of the workers. But we are being blamed by the Chairman of the Janata Party in Kerala who said in Kerala that the INTUC workers and the leaders are exploiting the workers creating agitations to tarnish the image of the Janata Government. He issued a statement last week. The strike is going on in some factories with unity of all trade Unions including CITU. We are being blamed that the strike is being organised to black-mail the Janata Party. I can assure you that we have no intention to make the labour as a political war weapon to fight with as many members of the Janata Party may think. We will see that the INTUC and the Congress Party will do their best to safeguard the interests of the workers.

With these words, I can assure the hon. Minister that we will support him when he brings forward a legislation for the betterment of the workers. Once again, I congratulate him.

प्रो० शिब्बनलाल सक्सेना (महाराजगंज): सभापति महोदया, मैं श्रम मंत्री जी को उन के साढ़े तीन महीने के कार्यकाल पर बधाई देता हूं। मुझे मजदूर यूनियनों में काम करते हुए 58 साल हो गए। सन् 1920 में स्वर्गीय श्री गणेश शंकर विद्यार्थी जी के नेतृत्व में मैं ने यह काम शुरू किया था। उस समय वहां कानपुर में मजदूर सभा कायम हुई थी जिस के वे सेक्रेटरी थे और मैं उस का असिस्टेंट सेक्रेटरी था। मैं ने सभी मजदूरों में चाहे वे कपड़ा मिलों के मजदूर हों चाहे चीनी के कारखानों के मजदूर हों या बन्दरगाहों के मजदूर हों, सभी में काम किया है और अपने इस लम्बे अनुभव के आधार पर मैं यह कह सकता हूं कि यह साढ़े तीन महीने का जो कार्यकाल उन का गुजरा है वह बहुत ही

[प्रो० शिब्बनलाल सक्सेना]

शानदार गुजरा है । अभी हाल ही में उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस का जो डिस्प्यूट सैटिल किया है उस के लिए मैं उन को बधाई देता हूँ । यह इंडियन एक्सप्रेस अखबार गोयनका जी का है । पिछली सरकार के लिए गोयनका रेड रैग टु दि बुल के समान थे । उन को खत्म करने के लिए पिछली सरकार ने क्या नहीं किया। उन के अखबारों पर जुल्म किया, उन की प्राइवेट प्रापर्टी पर जुल्म किया, उन की कलकत्ते की जूट मिल को कान्फिस्केट किया और हर तरह से उन को बरबाद करने की कोशिश की । वे शायद उन को मार ही डालना चाहते थे । इसलिए इंडियन एक्सप्रेस में जब हड़ताल हुई तो उन के जो पहले के दुश्मन थे वे बड़े खुश हुए कि चलो, अच्छा हुआ हड़ताल हो गई । लेकिन जिस शान के साथ श्रम मंत्री जी ने इस डिस्प्यूट को सैटिल किया और जिस तरह से गोयनका जी ने उन की बातों को माना उससे हम बहुत प्रसन्न हैं । मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि यह काम उन्होंने इतनी खूबी से किया ।

अब मैं मंत्री जी का ध्यान अपने उस तार की ओर दिलाना चाहता हूं जो मैं ने उन्हें लेबर डपो, गोरखपुर के सम्बन्ध में भेजा था । गोरखपुर में एक लेबर डिपो सन् 1940 की वार में शुरू हुआ था और सन् 1973 तक वह बहुत जोर से चला । पिछले 34 सालों में हर साल इस लेबर डिपो से लगभग 30 हजार मजदूर सबसे कठिन काम करने के लिए कोयला खदानों में और दूसरी जगहों पर जाते रहे । जिस काम को दूसरे मजदूर नहीं कर सकते थे । वह काम ये मजदूर करते थे । वहां पर तरीका यह था कि एक साल के लिए मजदूर खदान में काम करने के लिये जाते थे और साल भर के बाद घर लौट आते थे और फिर एक दो साल घर पर रहने के बाद फिर जाते थे । इस तरह से उनकी तंदुरस्ती खराब नही होती थी । रिकार्ड्स यह बताते हैं कि जितना कोयला वे मजदूर निकालते थे वह दूसरे मजदूरों की तुलना में दूना होता था । यह सिस्टम बहुत ही अच्छा था लेकिन 1973 में जब कोल माइन्स नेशनलाइज़ कर ली गई तो श्री कुमारमंगलम चोकि उसके अगुवा थे उनसे मैंने कहा कि इस चीज को आप चलने दीजिए, यह बहुत फायदेमन्द है और एक साल का एग्रीमेन्ट बहुत अच्छा होता है क्योंकि उसमें उनकी तंदुरुस्ती खराब नहीं होती हैं लेकिन उन्होंने कहा कि हमारी मजबूरी है कि कोल माइन्स के मजदूरों को परमानेंट किया जाय । लेकिन उन्होंने फिर वादा किया था कि इस लेबर डिपो को कायम रखेंगे और कोल माइन्स को इस डिपो से लेबर जाते रहेंगे लेकिन दुर्भाग्य की बात हैं कि वह डिपो तो कायम है लेकिन कोल माइन्स को वहां से लेबर की सप्लाई बन्द है । यह कोल माइन्स के मालिकों और सरकार की लापरवाही है । कोल माइन्स में मरने व रिटायर होने से वैकैन्सीज़ होती रहती हैं अगर उन जगहों पर ही इस लेबर डिपो के मजदूरों की भर्ती की जाये तो काफी लेबर इस डिपो से हर साल कोयला खदानों में रखे जा सकते हैं । पिछले तीस सालों में गोरखपुर लेबर डिपो से साढ़े दस लाख मजदूर कोयला खदानों में गए हैं । गोरखपुर, देवरिया और बस्ती का कोई ऐसा गांव नहीं है जहां 10–12 फेमिलीज का एक न एक आदमी खदानों में न गया हो ।

लेबर वेलफेयर फंड में मजदूरों का जो अनक्लेम्ड पैसा बच जाता था वह जमा होता था । उससे हमने पूर्वी यू० पी० के जिलों में 6 बड़े हेल्थ सेन्टर्स कायम किए हैं । एक दिन में एक सेंटर में एक हजार मजदूर डाक्टर को दिखा कर दवा लेने आते हैं जिनको सात दिन की दवाई बांटी जाती है । जो सीरियस पेशेंट होते हैं उनको गोरखपूर के सिविल अस्पताल में हमारे दो वार्डों में भेज देता हैं जहां हमारा

डाक्टर उनकी दवा करता है। इधर दो तीन साल से लेबर सप्लाई बन्द हो जाने से काम कुछ हलका हो गया है और हमारे उन दोनों वार्डों को यू० पी० सरकार को देने की बात चल रही है। ये दोनों वार्ड लगभग पांच लाख रुपये में बने थे, ये हमारे लिए बहुत जरूरी हैं और उनको रखना चाहिए ताकि वहां पर डाक्टर संगीन बीमारों की देख भाल कर सकें। मैं आशा करता हूं कि इनको कायम रखा जायेगा और यू० पी० सरकार को उन्हें नहीं दिया जायेगा। हमारे पास लेबर वेलफेयर फंड में दस लाख रुपए थे, पांच लाख हम खर्च कर चुके हैं और पांच लाख बाकी है, मैं चाहूंगा कि भारत सरकार की जो कोल माइनस वेलफेयर फंड है उस फंड से हमारे खर्चे को आधा खर्चा मीट किया जाये और आधा हम लगाये। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि उस फंड से सरकार आधा खर्चा मीट करे ताकि इस काम को सदैव के लिये कंटीन्यू रखा जा सके और कोल माइन और उनके परिवार के सदस्यों को लाभ पहुंचाया जा सके।

मैं चाहूंगा कि मिनिस्टर साहब हमारे गोरखपुर लेबर डीपो पर एक बार पधारें और देखें कि हमने क्या काम किया है और क्या कर रहे हैं, उसको देख कर आपको खुशी होगी।

आपने रेलवे स्ट्राइक में जितने मजदूर निकाले थे, उनको बहाल करके काम पर ले लिया। लेकिन ऐसे ही कुछ दूसरे कारखाने हैं जहां हड़ताल करने पर मास डिस्मिसल हुआ था। जैसे महावीर जूट मिल्स, सहजनवां है, जहां एक हजार मजदूर निकाल दिये गये थे, वहां पर लाक आउट कर दिया गया था। जब मामला एडजूडिकेशन के लिये भेजा गया तो कांग्रेस सरकार ने उसको तथ्यहीन कह कर डिपोजिट कर दिया। मैं चाहता हूं कि ऐसे जितने डिस्मिसल्स हुए हैं, उन मजदूरों को फिर से बहाल किया जाय। और आइन्दा से हर लेबर डिस्प्यूट का ऐडजूडिकेशन कम्पलसरी कर दिया जाय। ऐसा ही मामला देवबन्द शूगर मिल का है, वहां 300 मजदूरों को निकाला गया था, वहां मजदूरों को मारा गया, उनकी हड्डियां तोड़ दी गईं, उन पर गोली चली। मिल मालिक का चूंकि सरकार पर दबाव था, उसने मजदूरों को बरबाद करने में कुछ उठा नहीं रखा। उनके नेता ठाकुर मुकुन्द सिंह को जो मजदूरों के क्रान्तिकारी लीडर थे, उनको पकड़ लिया गया। मैं चाहूंगा कि जितने लोग देवबन्द, वाल्टरगंज, नवाबगंज, हरदोई, सहजनवां, मसूरपुर और पिपराइच की शूगर और जूट मिलों से निकाले गये हैं उनको बहाल किया जाय। एडजूडिकेशन में सालों लग जाते हैं, फिर भी कोई न्याय नहीं हो पाता है। आप इस पर गौर करें और तुरन्त कार्यवाही करें। आपकी कार्यवाही एक शानदार कदम होगी और मजदूरों को सन्तोष होगा कि आपने उनको न्याय दिलाया है।

कुछ शब्द मैं शुगर इण्डस्ट्री के बारे में कहना चाहता हूं—1930 में मैंने एक यूनाइटेड चीनी मिल मजदूर फेडरेशन बनाई थी, मैं उसका प्रजिडेन्ट तब से लगातार रहा हूं और उसमें आल इण्डिया की शुगर मिलों की यूनियनें हैं। बाद में उसका नाम आल इण्डिया शुगर वर्कर्स फड्रेशन पड़ा। 15-3-1950 को सारी चीनी मिलों के 82 हजार मजदूरों की मतगणना हुई थी जिसमें हमारी फेडरेशन को 79 परसेंट वोट मिले और आई०एन०टी०यू०सी की राइवल फेडरेशन को 21 परसेन्ट वोट मिले थे। उस जमाने में एक मजदूर का न्यूनतम वेतन 5 रुपये मासिक था। हमने लड़ लड़ कर उनका न्यूनतम वेतन 300 रुपये कराया लेकिन आज क्या हालत है—आप जरा उसको देखिये—

[श्री० शिवन लाल सक्सेना]

कोयला खदानों में 430 रुपये मिनिमम वेज है, लोहा, सीमेंट और टेक्सटाइल इत्यादि उद्योगों में भी लगभग इतना ही चार सौ रुपये न्यूनतम वेतन है, लेकिन शूगर फैक्ट्रीज में अब न्यूनतम वेतन 260 रुपये है, यह कितने शर्म की बात है । शूगर फैक्ट्रीज साल में पांच महीने चलती हैं । 260 रुपये में पांच महीने काम करके 12 महीने तक एक मजदूर कैसे निर्वाह कर सकता है ? शूगर इण्डस्ट्री एक फारन-एक्सचेंज अर्निंग इण्डस्ट्री है, देश के लिये यह बहुत आवश्यक वस्तु पैदा करती है—मैं चाहता हू कि इस इण्डस्ट्री के मजदूरों के साथ भी न्याय किया जाय और उनकी मिनिमम वेज को भी बढ़ा कर चार सौ रुपये मासिक किया जाय ।

पिछली रेलवे स्ट्राइक में फर्नान्डीज जी ने एक मांग रखी थी कि तमाम रेलवे कर्मचारियों को वही तनख्वाह मिले जो कोल इण्डस्ट्री या दूसरी इण्डस्ट्री में दी जाती है । एक यनिफार्म वेज सबका होना चाहिये, लेकिन सरकार ने उस मांग को तब नहीं माना । अब मैं चाहूगा कि इस सम्बन्ध में एक नेशनल वेज पालिसी बनाई जाय, जिसमें सब इण्डस्ट्रीज का वेज एक सा हो और सब इण्डस्ट्रीज का सन्तुलित विकास हो, जो जितना काम करे, जितना स्किल्ड हो, उस के हिसाब से उसको तनख्वाह मिले । यह आवश्यक है, और मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी इसको करेंगे ।

17.00 hrs.

धनबाद में डायरेक्टर जनरल आफ सेफ्टी इन माइन्स की पोस्ट तीन साल से खाली पड़ी है, वह अभी तक भरी नहीं गई है । इसको फौरन भरा जाना चाहिए जिससे मजदूरों की सेफ्टी को जो खतरा रहता है वह दूर हो ।

शूगर इण्डस्ट्री में मजदूरों को सात महीने की बन्दी के दिनों में कुछ नहीं मिलता है, वे खाली रहते हैं । मजदूरों की यह पुरानी डिमाण्डड रही है कि उन्हें आफ सीजन में 50 परसेंट वेज मिलना चाहिये । मैं आशा करता हूं कि मजदूरों की इस डिमाण्ड को पूरा किया जाएगा और उनको आफ सीजन में 50 परसेंट वेज दिया जाएगा ।

इसी तरह से बोनस की मांग के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि बोनस जो कम किया गया है । उसे फौरन बढ़ा कर 8⅓ प्रतिशत किया जाय । यह एमर्जेन्सी के दौरान कम किया गया है । इसे फौरन बहाल किया जाना चाहिए ।

सी०डी०एस० फण्ड्स में मजदूरों का जो जमा है वह भी मजदूरों को वापस मिलना चाहिए । मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी इस पर विचार करेंगे और मजदूरों को उनका जमा लौटा देंगे ।

शूगर इंडस्ट्री के नेशनलाइजेशन की मांग बहुत दिनों से हो रही है । लेकिन अभी तक इसका नेशनलाइजेशन नहीं हुआ । पिछले 10 सालों में शूगर मिल-मालिकों ने अपनी मिलों से बहुत कुछ कीमती सामान निकाल कर बेच दिया । मिलों की रिपेअर करनी बहुत मामूली कर दी । इसलिए मैं चाहूंगा कि इन शूगर मिलों का नेशनलाइजेशन फौरन किया जाए और बिना मुआवजे के किया जाए । हमें नई चीनी की फैक्टरियां लगाने के बजाय वर्तमान चीनी मिलों की हर यूनिटों को कैपेसिटी बढ़ानी चाहिए । एक यूनिट जो 800 टन का होता है अगर उसको दो हजार टन का कर दिया जाए तो इससे ओवर हैड खर्च बहुत कम होगा और फैक्ट्री का मुनाफा भी बहुत बढ़ जाएगा । इसलिए मैं चाहता हूं शूगर फैक्ट्रीज का नेशनलाइजेशन अविलम्ब किया जाय और उनकी कपेसिटी कम से कम दो हजार टन की जाय । यह काम फौरन होना चाहिए ।

इन शब्दों के साथ मैं लेबर मिनिस्ट्री की डिमाण्ड्स को रपोर्ट करता हूँ ।

श्री अहसान जाफरी (अहमदाबाद) : सबसे पहले मैं इस बात को कहना चाहता हूं कि हमारे श्रम मंत्री जी एक नौजवान आदमी हैं और उन्होंने जो भी कुछ किया है उससे देश के मजदूरों को आशा बंधती है कि उनकी पालिसियों की वजह से मजदूरों को काफी फायदा होगा ।

हमेशा इस मुल्क के अन्दर उत्पादन बढ़ाने के लिए बातें कही जाती हैं । मुझे बहुत ही अफसोस के साथ कहना पड़ता हैं कि आज भी मजदूरों के साथ इंसाफ नहीं हो रहा है, उन पर जुल्म हो रहे हैं, उनके साथ बरताव अच्छा नहीं हो रहा है । जो देश के लिए धन दौलत पैदा करते हैं, जो देश का एक अहम हिस्सा हैं, उनकी हालत आज भी हम देखते हैं कि देश में बहुत ही गिरी हुई है । हम चाहते हैं कि मजदूर हमारे उत्पादन को बढ़ाएं लेकिन जिस तरह की दर्दनाक उनकी हालत है, जिन बाधाओं के अन्दर रह कर उनको काम करना पड़ता है, देहातों में और शहरों में उन में वे देश के उत्पादन को नहीं बढ़ा सकते हैं । आपने शहरों में उनको भीख मांगते हुए देखा होगा । गांवो में भी मजदूरों को आपने उन लोगों के दरवाजों पर जाकर भीख मांगते हुए देखा होगा जिन्होंने कभी अपने हाथ से हल नहीं चलाया । मजदूर खेत में दिन रात मजदूरी और मेहनत करता रहा है । जब कभी कहत पड़ जाता है तो उसके बाल बच्चे, उसकी बीवी उन लोगों के दरवाजे पर भिखारियों की तरह पहुंच जाते हैं जिन्होंने कभी हल नहीं पकड़ा, कभी खेत की सूरत नहीं देखी । वे वहां जा कर अनाज की भीख मांगते हैं ।

यही हाल मयमारों का है । वे खुद तो झुग्गी झोंपडियों में रहते हैं, उन में अपनी जिन्दगी बिताते हैं लेकिन दूसरों के लिए वे महल खड़े कर देते हैं । जो दूसरों के लिए जूते बनाते हैं उनके बच्चे जूतों से महरूम रहते हैं । जो दूसरों के लिए मजदूर कपड़ा बनाते हैं उन के बच्चों को तथा उनको कपड़ा पहनने को नसीब नहीं होता है । ऐसी हालत में उन से कैसे यह उम्मीद कर सकते हैं कि वे देश को ज्यादा पैदावार कर के दें । यह बात नहीं है । उनकी हालत को आपको सुधारने चाहिये ।

हमने देखा है कि हमारे यहां हमेशा आर्गीनाइज्ड सैक्टर की तरफ ही ध्यान दिया गया है । इस सैक्टर के मजदूरों ने हमेशा अपनी मांगें मनवा ली हैं । बाकी जो करोड़ों की तादाद में इंसान हैं, मेहनत मजदूरी करने वाले हैं उनकी तरफ हमारा ध्यान नहीं गया है । नैशनल मिनिमम वेज के बारे में हमने आज तक कोई अपनी पालिसी अखत्यार नहीं की है । ऐसा हमने किया होता तो मजदूर समझ सकते थे और कह सकते थे कि सरकार भी उनकी भलाई के काम कर रही है और तब वे मेहनत भी ज्यादा कर सकते थे । देश की सरकार पूरी तरह से जागृत है और उनके हितों की हिफाजत कर रही है ऐसा नहीं कहा जा सकता है । रेलें आदि जो आर्गेनाइज्ड सैक्टर है या बड़ी-बड़ी फैक्ट्रीज हैं, मिलें हैं वहां पर तो मजदूरों को कुछ तनख्वाह मिल भी जाती है लेकिन जो छोटी छोटी फक्ट्रियों में काम करने वाले हैं, जो अनआर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम करने वाले लोग हैं उनके लिए मिनिमम वेज तय नहीं की गई है । ऐसे लोगों का बहुत ज्यादा एक्सप्लायटेशन हो रहा है, बहुत ज्यादा शोषन उनका हो रहा है । उसकी तरफ आपको ध्यान देना चाहिये । तमाम जितने मेहनतकश लोग हैं चाहे वे कहीं भी काम करते हों उनके लिए एक नेशनल मिनिमम वेज आपको तय कर देनी चाहिये और वह वेज उनको मिले इसकी व्यवस्था आप को कर देनी चाहिये ।

रिपोर्ट में खेत मजदूरों की बात कही गई है । खेत मजदूरों को क्या मजदूरी मिले

[श्री अहसान जाफरी]

यह तो आप ने तय कर दिया है । लेकिन अफ़सोस के साथ मुझे कहना पड़ता है कि आज भी पूरे हिन्दुस्तान में खेत मजदूरों के साथ जुल्म हो रहे हैं । जहां पर मिनिमम वेज उनके लिए तय कर दी गई है उसको मांगने के लिए जब वह जाता है तो उसको निकाल बाहर कर दिया जाता है और उसकी जगह पर बाहर से आदमी को ले आया जाता है और उस से काम करवा लिया जाता हैं । इसकी जानकारी श्रम मंत्री को अगर है तो वह इस सिलसिले में क्या करना चाहते हैं यह मैं उन से जानना चाहता हूं । वे लोग इन मजदूरों की मजदूरी का नाजायज फायदा उठा रहे हैं । ऐसे जमींदारों के खिलाफ वह क्या कार्रवाई करेंगे, इसका वह हमें बताएं ।

उन करोड़ों मजदूरों के लिए जो खेत मजदूर कहलाते हैं और जिन को हिन्दुस्तान के मिनिमम वेज नहीं मिलती है उसके लिए वह क्या करने जा रहे हैं यह भी वह बताएं ।

रिपोर्ट में एक अजीब बात कही गई है जो मेरी समझ में नहीं आई । इस पर मंत्री महोदय रोशनी डालें । पेज 20 पर आपने बांडिड लेबर का जिक्र किया है । आपने कहा है कि हिन्दुस्तान के 19 राज्यों में से दस राज्यों में है । आपने आंध्रे प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, केरल, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और मिजोरम का नाम लिया है । उसके बाद आप यह कहते हैं:

"Remaining States and Union Territories have reported non-existence of bonded labour system."

इस सदन के तमाम माननीय सदस्य यह जानते हैं कि भारत के और हिस्सों में भी जहां जमींदार हैं वहां पर बांडिड लेबर पाई जाती है । इसके अन्दर उन राज्यों का नाम नहीं लिया गया है । किस बुनियाद के ऊपर आप कहते हैं कि दस राज्यों के अलावा बाकी राज्यों में हिन्दुस्तान में बांडिड लेबर मौजूद नहीं है ।

मैं गुजरात की बात बताता हूं । वहां मेहषाणा और बनासकांठा में आज भी साथी नाम से जाने जाने वाले बंधुआ मजदूर हैं । आप गुजरात में सूरत, जहां से हमारे प्रधान मंत्री आते है, साबरकांठा, बनासकांठा में जाइये वहां की हाली प्रथा आज भी जारी है । आज भी खेत मजदूर गुलाम की हालत में रहते हैं । उन्होंने किसी जमाने में 200, 400 रु० ज़मींदार से लिये हुए हैं, मेरे पास ऐसे लोगों के नाम मौजूद हैं जहां पर उन मजदूरों ने कहा है कि किसी जमाने में हमने शादी विवाह के लिये रुपया लिया, उसको 15, 20 साल गुजर गये हैं लेकिन आज तक उसके एवज में हमें डेढ़, दो रु० रोज़ की मजदूरी करनी पड़ती है, उसके बच्चों को गाय भेड़ चरानी पड़ती है और उसकी बीवी को ज़मींदार के घर में काम करना पड़ता है । यह प्रथा आज सूरत के अन्दर मौजूद है जहां से प्रधान मंत्री जी आते हैं । लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि बौंडेड लेबर खत्म हो गया है ।

इसी तरह से रिपोर्ट में ई० एस० आई० स्कीम की बात कही गई है कि कितने अच्छे ढंग से यह मजदूरों की सेवा कर रही है । मैं आपका ध्यान गुजरात की तरफ़ दिलाना चाहता हूं । गुजरात में ई० एस० आई० में मजदूर जो पैसा देते हैं वह 11 लाख के करीब है, जब कि खर्चा 7 लाख के करीब होता है । इसके बावजूद सुरेन्द्रनगर, भड़ोच अहमदाबाद शहर से लगा हुआ एक इलाका है जहां सैंकड़ों मजदूर काम करते हैं लेकिन वहां आज भी ई० एस० आई० स्कीम लागू नहीं की गई है । गुजरात में 14 केन्द्रों में से 9 केन्द्रों पर सिर्फ मजदूर और उसके खानदान का इलाज किया जाता है और बाकी के जो

केन्द्र हैं, जैसे भावनगर, बड़ौदा, सूरत, क्लोल और राजकोट में मजदूर का ही इलाज होता है, उसकी फ़ेमिली का इलाज नहीं होता है । गुजरात में 4 लाख 90 हजार मजदूर ई० एस० आई० स्कीम से फायदा उठाते हैं । कुल गुजरात में 11 एम्बुलैंस गाड़ियां हैं ई० एस० आई० के पास । बड़ोदा, भावनगर, सूरत, अहमदाबाद को 11 एम्बुलैंस दे दी गई हैं, बाकी के इलाकों में कोई एम्बुलैंस न होने से मजदूरों को काफ़ी तकलीफ़ होती है ।

इसी तरह से जो लेबर कोर्टस हैं उनमें जो काम होता है वह भी काबिले तारीफ़ नहीं है । इस रिपोर्ट में बताया गया है कि कितने दिनों में किस तरह से लेबर डिसप्यूट के फ़ैसले आते हैं । रिपोर्ट के पेज 31 पर आपने धनबाद में बताया है कि एक फैसले के आने में कम से कम 3, 4 साल लगते हैं । मजदूर के एक झगड़े का फैसला 4 साल में होता है । जब मजदूर को कारखाने से निकाल दिया जाता है और उसको खाने के लाले पड़ जाते हैं ऐसी हालत में अगर 3, 4 साल के अन्दर मजदूर के झगड़े का फ़ैसला होता हो तो उसकी क्या हालत होती होगी इसका अंदाज आसानी से लगाया जा सकता है । इस हालत को बदलने के लिये हमें लेबर पोलिसी के अन्दर और जिस ढंग से लेबर कोर्टस चलते हैं उनमें क्रान्तिकारी परिवर्तन करना पड़ेगा । अगर ऐसा नहीं किया तो मजदूर की हालत खराब होगी और एक नये रास्ते पर वह चल पड़ेगा जिससे औद्योगिक शांति खत्म हो जायेगी । इसकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि मिल मालिक जब चाहता है, मजदूर को काम से निकाल देता है । इसके बाद मजदूर बेआसरा हो जाता है, बेकार हो जाता है, उसके कुटुम्ब के सहारे के लिये उसके पास कोई चीज नहीं रहती हैं । ऐसे निकाले हुए मजदूरों में कम से कम 50 फीसदी ऐसे होते हैं जो कोर्ट का सहारा नहीं लेते, चुपचाप किसी और धन्धे को ढूंढ लेते हैं । बाकी के 25 प्रतिशत मजदूर ही ऐसे होते हैं जो अपने मामले को लड़ते रहते हैं और शेष 25 प्रतिशत इस बात को छोड़ देते हैं और अपने किसी ऐसे काम में लग जाते हैं । मैं मंत्री महोदय से विनती करूंगा कि लेबर लाज में इस बात की आवश्यकता है कि ऐसा प्रावधान उसमें होना चाहिये कि कोई भी मिल मालिक, चाहे वह पब्लिक सैक्टर में हो या प्राइवेट सेक्टर में, अगर किसी मजदूर को निकालता है तो जब तक कोर्ट से उसका फैसला न हो जाये उसे मिल से बराबर वेतन मिलता रहे और वेतन लेने के साथ साथ वह कोर्ट में अपनी लड़ाई जारी रखे । अगर ऐसा नहीं करते हैं तो यह जंगल के कानून के अलावा और कुछ नहीं । अब मिल मालिक मजदूरों को निकाल देता है और 3, 4 बरस तक वह केस लड़ता रहता है । अगर वह हार जाता है तो उसकी हालत बहुत खराब हो जाती और अगर जीत भी जाता है तो उसके 3,4 सुनहरे बरस बेकार चले जाते हैं । उसका पुराने, हाल कोई नहीं होगा । इस गवर्नमेंट के जमाने में अब ऐसी बात नहीं, होगी ऐसी हम उम्मीद करते हैं ।

हम मजदूरों से हमेशा कहते आये हैं कि वह ज्यादा एफीशियेंसी से काम करें, लेकिन उसको क्या-क्या सुविधायें चाहिये, यह कभी नहीं देखा । हिन्दुस्तान के शहरों में जहां बड़े-बड़े कारखाने बने हुए हैं, ऊंची ऊंची इमारतें बनी हुई है, वह इमारतें जितनी ऊंची होती गई हैं, उतनी ही गन्दी बस्तियां बसती चली गई हैं । वह ऐसे स्थान हैं जहां इनसान क्या जानवर भी नहीं रह सकते हैं । हमारे अहमदाबाद में ऐसी बस्तियां मिलेंगी, जो जहन्नुम से भी बदत्तर हैं । अगर भगवान भी जमीन पर आकर देखे तो वह भी शर्मिन्दा

[श्री अहसान जाफरी]

हो कि मैंने जो नर्क बनाया है वह भी इससे ज्यादा अच्छा नहीं है । वहां पर आदमी के मर जाने के बाद उन गंदी बस्तियों में मजदूरों को विचार करना पड़ता है कि किसी लाश को झोपड़ी से बाहर कैसे ले जाया जाये । अहमदाबाद में 18 लाख की आबादी में से 5 लाख इनसान आज गन्दी बस्ती में बसते हैं । न उनके लिये पाखाने की व्यवस्था है, न नल की न गटर की । यहां बरसात में पानी भर जाता है । रात भर मजदूर बैठे रहते हैं । सवेरे 7 बजे मिल की सीटी बजती है और उसे फिर काम पर जाना पड़ता है । ऐसी हालत में आप उससे आशा करते कि वह ज्यादा काम करेगा, ज्यादा पैदावार करेगा ?

मैं मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि वह इन जहन्नुमों को दूर करने के लिये कोई योजना रखें । उन्होंने अपनी रिपोर्ट में एक जगह पर कोई योजना बताई है और उसमें कहने की कोशिश की है कि हमने इतने मकान बनाये हैं । हिन्दुस्तान में जहां 4 करोड़ बेकार रहते हैं, गलियों में फिरते हैं, वहां आपकी योजना में 1-1-76 से 31-12-76 तक आपने 66 हजार मकान बनाये और 13 हजार और बनाने वाले हैं । यदि इसी रफ्तार से चलते रहे तो क्या हम हिन्दुस्तान के इन शहरों में गंदी बस्तियों में रहने वालों को, जो जहन्नुम में सड़ते हुए मजदूर हैं, उनको कोई काम दे सकते हैं, उनको रोजगारी दे सकते हैं उन्हें रहने के लिये मकान दे सकते हैं ।

हमने देहात के खेती मजदूरों के लिये योजना बनाई । सूरत में आज भी वहां के खेती मजदूर कलैक्टर के आफिस के सामने बैठे हुए हैं कि मई महीने में वहां की पंचायत ने जो मकान दिये थे वे तोड़ दिये गये हैं । ये मकान पंचायत के अफसरान के सामने बनाये गये थे । वे मकान मई में तोड़ डाले गये हैं । अगर इन झोंपड़ियों में रहने वालों को अच्छे मकान नहीं दे सकते हैं, अगर वे अपने मकान में रहते हैं तो भी वह तोड़ दिये जाते हैं तो ये लोग गन्दे मकान में रह कर कैसे हिन्दुस्तान की पैदावार में इजाफा कर सकते हैं । मजदूर को इस तरह से झोंपड़ी में रहना भी नसीब नहीं होता है । मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार कोई ऐसा इन्तजाम करेगी कि हिन्दुस्तान में मजदूरों के साथ आइन्दा इस तरह की हरकतें न हो सकें ।

मैं मन्त्री महोदय से विनती करना चाहता हूं कि मजदूरों को राइट टु वर्क, काम करने का हक, दिया जाये । आज हिन्दुस्तान की अलग अलग रियासतों में अलग अलग लेबर कानून बने हुए हैं । उनकी जगह पर सारे मुल्क के लिए एक कोडिफ़ाइड लेबर कानून बनाना जाये । हिन्दुस्तान के बेकारों को भत्ता दिया जाये । देश की पैदावार को बढ़ाने के लिए सरकार जो भी कदम उठायेगी, उसमें हिन्दुस्तान के मजदूर यकीनन उसका साथ देंगे, और बहुत हिम्मत के साथ हिन्दुस्तान की दौलत को बढ़ाने के लिए आगे बढ़ेंगे ।

मुझे उम्मीद है कि मन्त्री महोदय मजदूरों की गिरी हुई हालत को सुधारने के लिए नई योजनायें बनायेंगे और एक नेशनल मिनिमम वेज पालिसी तैयार करेंगे । मैं तवक्कु रखता हूं कि हिन्दुस्तान के मजदूरों ने मन्त्री महोदय के साथ जो उम्मीदें वास्बास्ता की हैं, वे पूरी होंगी ।

श्री मनोहर लाल (कानपुर) : सभापति महोदय, मैं श्रम मन्त्रालय के अनुदानों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं ।

ऐसा लगता है कि देश में अभी भी कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने इस बात से कोई सबक नहीं सीखा हैं कि अनेक अंकुशों और प्रतिबन्धों के बावजूद हिन्दुस्तान की जनता से अपराजय लगने वाली इन्दिरा सरकार और संजय-

गिरोह को मलबे के नीचे दफ़न कर दिया, कांग्रेस सरकार का सफ़ाया कर दिया और जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया । मैं श्रम मन्त्री से कहना चाहता हूं कि वह श्रम विभाग के उन अधिकारियों की तरफ़ कुछ ध्यान दें, जिन के बारे में हिन्दुस्तान के श्रमिकों की यह आम धारणा हैं कि वे कभी भी मजदूरों के पक्षपाती नहीं रहे हैं, बल्कि हमेशा मालिकों के पक्षपाती रहे हैं, और रहेंगे । वे अधिकारी यह समझते हैं कि हिन्दुस्तान के जिन श्रमिकों ने अपनी बौद्धिक प्रौढ़ता और साहस का परिचय देते हुए इन्दिरा गांधी की कांग्रेस का सफ़ाया कर दिया और जनता पार्टी की सरकार बनाई, वे निस्सहाय, नाबालिग और नासमझ हैं । उन अधिकारियों को यह समझ लेना चाहिए कि हिन्दुस्तान की जनता, और हिन्दुस्तान के श्रमिक, असहाय, नासमझ और नाबालिग नहीं हैं । वे समझ गये हैं कि उनके वोट की कीमत क्या है । अगर संविधान में दिये गये उन के अधिकारों की रक्षा नहीं की गई, तो वे उन अधिकारों को छीन कर ले लेंगे । मुझे आशा है कि मन्त्री महोदय केन्द्र और प्रदेशों के श्रम विभागों के उन अधिकारियों की तरफ़ ध्यान देंगे ।

किसी ने कहा है कि **इंडिया इज़ पेइंग दि प्राइस फ़ार इट्स रिटर्न टू डेमोक्रेसी इन दि फ़ार्म आफ़ लेबर अनरेस्ट** । यह बिल्कुल सही है कि उन्नीस महीनों की इमरजेंसी के दौरान श्रमिकों के हितों पर कुठाराघात किया गया और उके अधिकारों का हनन किया गया । उदाहरण के लिए, उनके सामने बोनस के अधिकार को छीन लिया गया, कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम लागू की गई, 1974 में एल० आई० सी० और वहां की यूनियन के बीच हुए एग्रीमेंट को तोड़ा गया, आदि । यही कारण है कि जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद मई महीने के मध्य तक दो लाख मजदूरों ने हड़ताल की । यह कारण है लेबर अनरेस्ट का जिसके कारण हमारे 2 लाख मजदूर जनता पार्टी की सरकार बनते ही हड़ताल पर चले गए । इसके ऊपर हमें खास तौर से ध्यान देना होगा ।

साठे साहब इस समय हैं नहीं, अभी वह उनके लिए घड़ियाल के आंसू बहा रहे थे । वह हिन्दुस्तान के 60 करोड़ इंसानों की बात कर रहे थे । यहां के 60 करोड़ मजदूरों की तरफ से वह वकालत कर रहे थे और उनकी तरफ मन्त्री महोदय का ध्यान आकर्षित कर रहे थे । कह रहे थे कि हिन्दुस्तान के अन्दर रहने वाले 60 करोड़ इंसानों की तरफ और मजदूरों की तरफ उन्हें ध्यान देना चाहिए । वे कह रहे थे कि आजकल की जनता पार्टी की सरकार की जो नीति है वह केवल 2 करोड़ मजदूरों को रोज़गार देने की है । केवल उन दो करोड़ को रोजगार देने की बात को ध्यान में रख कर वे पालिसी बना रहे हैं । लेकिन मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि आज जो कुछ भी स्थिति है उसके लिए जिम्मेदार कौन है ? हमारी जनता पार्टी की सरकार है या हमारे वर्तमान श्रम मन्त्री हैं या इससे पहले की सरकार और उसके मन्त्री तथा वे अधिकारी हैं जिन्होंने 30 साल तक उनके अधिकारों पर कुठाराघात किया । उसके लिए जिम्मेदार तानाशाही की तरफ जाने वाली पिछली सरकार है । जनता पार्टी की सरकार उसके लिए जिम्मेदार नहीं है । वे लोग जिम्मेदार हैं जिन्होंने देश में बेरोज़गारी बढ़ाई है ।

जहां तक बरोजगारी का सवाल है उसके ऊपर बहुत से लोगों ने कहा है । मैं उस में इस समय अधिक न जाकर केवल 1976 का उदाहरण सामने रखना चाहता हूं । सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यद्यपि ये आंकड़े सब गलत हैं लेकिन फिर भी उन्हीं को ले कर मैं कहता हूं, जनुवरी से दिसम्बर 1976 तक 56 लाख 15 हजार लोगों ने रोजगार दफ्तरों में अपने अपने नाम लिखाए और

[श्री मनोहर लाल]

नौकरी कितने लोगों को मिली? नौकरी सिर्फ 4 लाख 90 हजार लोगों को मिली। यानी साढ़े आठ परसेंत लोगों को नौकरी मिली। यह हालत सन् 1976 की है जब कि एमर्जेंसी लागू हो चुकी थी और सब लोग समझते में थे कि बड़ा अच्छा काम हो रहा है। बेरोजगारी का तो आलम यह है कि हर साल 7 करोड़ लोग हिन्दुस्तान के अन्दर लाइन लगाकर खड़े हो जाते है जो रोजगार पाने के इच्छुक होते हैं। मैं इस समय उस के अन्दर ज्यादा नहीं जाना चाहता हूं हालां कि उस का सम्बन्ध श्रम मन्त्रालय से भी है। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि जिस तरह से हमारे नौजवान दोस्तों को नजरन्दाज किया है पिछली सरकार ने उसी तरह से जनता पार्टी की सरकार भी करेगी तो मैं दावे के साथ कहता हूं कि जनता इस को भी माफ करने वाली नहीं है। जिस तरह से जनता ने अपनी चैतन्यता का परिचय दिया है और पिछले चुनावों में कांग्रेस की सरकार को निकाल बाहर किया है उसी तरह से अगर जनता पार्टी की सरकार ने भी उन की तरफ ध्यान नहीं दिया, अभी तक जो स्थिति चली आ रही थी उस में सुधार नहीं किया तो जनता पार्टी को भी जनता माफ नहीं करेगी।

जहां तक लेबर अनरेस्ट की बात है उस की तरफ मैं बाद में ध्यान आकृष्ट करूंगा। सब से पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि श्रम पूंजी और उत्पादन तीनों चीज देश की तरक्की के लिए जरूरी होती है। इन तीनों के जरिए ही देश की तरक्की हो सकती है। अगर श्रमिकों के सम्बन्ध अच्छे हैं, श्रम की मात्रा अच्छी है और उत्पादन अच्छा होता है और उस के साथ साथ पूंजी अगर समानान्तर नहीं है, पूंजी का बटवारा ठीक ढंग से होता है तो देश तरक्की कर सकता है। हिन्दुस्तान के अन्दर सौभाग्य या दुर्भाग्य से जनशक्ति की कमी नहीं है। यहां हमेशा से जनशक्ति काफी रही है और आज भी काफी है। उस जनशक्ति का सदुपयोग कर के हम चाहें तो देश की तरक्की कर सकते हैं। लेकिन हमें अफसोस है कि पिछले तीस सालों के अन्दर उस जन-शक्ति की तरफ, उस जनशक्ति की कार्य-क्षमता की तरफ, जो उन के अन्दर काम करने के गट्स हैं उन की तरफ ध्यान नहीं दिया गया और उस के कारण हमारा देश तरक्की नहीं कर सका। दुनिया के और देशों से हम बहुत पीछे रह गए। आज अमेरिका और जापान हम से बहुत आगे है। हमारे हिन्दुस्तान में जब से यह औद्योगिक क्रान्ति शरू हुई तब से यहां के मजदूरों ने यह नारा लगाना शरू किया कि नया जमाना आएगा, कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा। मैं ऐसी उम्मीद करता हूं कि हमारे मन्त्री महोदय ने भी लेबर की मीटिंगों में इस नारे को दोहराया होगा और आज हमें यह कहने में संकोच नहीं है कि आज नया जमाना आ चुका है। कांग्रेस की सरकार को बदलने के बाद और उस की जगह जनता पार्टी की सरकार के आने के बाद वह नया जमाना आ गया है। कम से कम अब जो देश में लूटने वाले है उनको जाना चाहिए और जो कमाने वाले है उनको खाने के लिए मिलना चाहिए। इस देश में जो कमाने वाले हैं उनको रोजी रोटी और मकान मिलेगा—ऐसी उम्मीद इस देश की जनता करती है। अगर कमाने वाले भाइयों को रोजी रोटी और मकान नहीं मिलता है तो फिर हम समझते है यह जो नारा है—नया जमाना आयेगा, कमाने वाला खायेगा और लूटने वाला जायेगा—वह थोथा नारा है और उसमें कोई तत्व नहीं है। फिर इस नारे को बदल देना चाहिए। लेकिन मुझे पूरी आशा है कि यह नारा कभी झूठा नहीं होगा अगर इसपर उचित रूप से ध्यान दिया जाये। मैं आशा करता हूं कि मन्त्री जी इस नारे की तरफ ध्यान देते हुए उन गिनती के पूंजीपतियों पर, जिहोंने इस देश की पूंजी अपने पास इकट्ठा कर रखी है अंकुश लगायेंगे

और मजदूरों को वचन देंगे कि मजदूरों के काम के घण्टे कम किये जायेंगे और समान काम के लिए समान वेतन दिया जायेगा ताकि मजदूर भली प्रकार से अपना जीविकोपार्जन कर सकें।

मजदूरों में कोई धर्म नहीं होता है, मजदूर न हिन्दू होता है न मुसलमान होता है, न सिख होता है और न ईसाई होता है। उसका एक ही धर्म है–मेहनत करना। ऐसी स्थिति में हमारी मांग है कि जब मजदूरों का एक धर्म है तो फिर उनको समान काम के लिए समान वेतन क्यों नहीं मिलता है। आज इस देश में मजदूरों के वेतन में जो असमानता है उसी के कारण लेबर अनरेस्ट है। इस लेबर अनरेस्ट के चार पांच मुख्य कारण हैं। सबसे पहला कारण है लांग स्टैंडिंग वेज डिस्प्यूट्स। दूसरा कारण है राइजिंग प्राइसेज। तीसरा कारण है बोनस इश्यू। चौथा कारण है विक्टिमाइजेशन आफ वर्कर्स। पांचवां कारण है ओल्ड लेबर लाज। इन पांच कारणों की वजह से आज देश में औद्योगिक अशान्ति है। यदि सरकार इन बातों में सुधार कर देगी तो मुझे उम्मीद है कि आज जो देश में लेबर अनरेस्ट फैली हुई है वह समाप्त हो जायेगी। श्रमिक अशांति समाप्त होने पर देश में उत्पादन भी बढ़ेगा और उसके फलस्वरूप मुद्रास्फीति भी कम होगी। मेरा निवेदन है कि सरकार इन पांच बातों की ओर विशेष ध्यान दे। इन बातों में सबसे मुख्य चीज लांग स्टैंडिंग वेज डिस्प्यूट्स है जिसकी तरफ विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। समान काम के लिए समान वेतन दिया जाना चाहिए।

जहां तक राइजिंग प्राइसेज की बात है, कहा जाता है कि कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम की तहत जो पैसा मजदूरों को मिलता है अगर वह दे दिया जायेगा तो देश में मुद्रास्फीति बढ़ेगी। कीमतों में और मुद्रास्फीति में यह किस तरह की दौड़ है, यह बात मेरी समझ में नहीं आती। यह जो कीमतें बढ़ रही है उनको रोकने के लिए जरूरी है कि उत्पादन को बढ़ाया जाये। अधिक उत्पादन बढ़ाने के लिए जरूरी है औद्योगिक सम्बन्ध अच्छे हों। अगर मजदूर और मालिकों के औद्योगिक सम्बन्ध अच्छे नहीं है तो कभी भी उत्पादन ठीक नहीं होगा। इसीलिए मांग की गई कि जो आज एपेक्स कमेटीज है, वर्कर्स कमेटीज हैं, जो यूनियन्स है वे मजदूरों की समस्याओं को सुलझाने में सफल नहीं हो पाती है इसलिए मजदूरों को प्रबन्ध में हिस्सा दिया जाये, उनको भी भागीदार बनाया जाये ताकि वे समझें कि फैक्ट्री में उनका भी हिस्सा है। इसी प्रकार से देश में उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है।

तीसरा बोनस वाला इश्यू भी बहुत इम्पार्टेंट है। पहले 8.33 परसेन्ट बोनस रखा गया था जो फिर 4 परसेंट कर दिया गया और इमर्जेन्सी में वह भी छीन लिया गया। मैं चाहता हूं कि बोनस के इश्यू को मन्त्री जी जल्दी से जल्दी तय कर दें।

अभी पिछले दिनों हमारे मन्त्री महोदय ने कुछ बयान दिये थे—सब से पहला बयान उन्होंने 20 अप्रैल को दिया था जो अखबारों में छाया हुआ था। उस में उन्होंने कहा था—

"सरकार श्रमिकों के हक वापस कर देगी,
पर हिंसा बरदास्त नहीं करेगी।"

दूसरा बयान उन्होंने 24 अप्रैल को मद्रास में दिया था— जिस में उन्होंने कहा था—

'केन्द्रीय श्रम नीति में तुरन्त मूल परिवर्तन किये जायेंगे।" तीसरा बयान उन्होंने 6 मई को दिया था।– उस में उन्होंने कहा था–"एमर्जेंसी के दौरान जिन मजदूर भाइयों को निकाला गया था, उन सब को तत्काल वापस लेने के

[श्री मनहोर लाल]

लिये राज्य सरकारों को आदेश दे दिये गये हैं।"

सभापति महोदया, इस आदेश के बावजूद अभी भी राज्य सरकारों ने उन मजदूरों को काम पर वापस नहीं लिया है जिन को एमर्जेंसी में निकाला गया था। मिसाल के तौर पर कानपुर में जिन श्रमिकों को डी०आई०आर० और मीसा में बन्द किया गया था उन को वापस नहीं लिया गया है।

आप की जो लेबर कोर्टस बनी हुई है, उन में फैसले नहीं हो रहे है। 1975 में 63 हजार मामले लेबर कोर्ट के पास भेजे गये थे, लेकिन 16 हजार केसेज के फैसले हुए। कहने का मतलब यह है कि इन लेबर कोट्स को इसलिये बनाया गया है कि लेबर को न्याय मिले, लेकिन फैसले ही नहीं होते तो न्याय कहां से मिलेगा। मिल-मालिकों के पास पैसा है, वे मुकदमे को दस साल तक लड़ सकते है, लेकिन मजदूर के पास तो रोटी का भी इन्तजाम नहीं है, वह कहां तक मुकदमा लड़ेगा। इसलिये मैं चाहता हूं कि इस व्यवस्था में सुधार किया जाये और ऐसा प्रबन्ध किया जाय कि मुकदमों के तत्काल फैसले हों।

मैं अपने मन्त्री महोदय से, जो समाजवादी विचारधारा के है, कहना चाहता हूं—यदि हिन्दुस्तान की तरक्की करनी है तो श्रमिकों की समस्याओं पर सब से पहले ध्यान देना होगा, उन की रोजी-रोटी की तरफ ध्यान देना होगा। उन की मकानों की समस्याओं, उन की दूसरी दिक्कतों की दृष्टि में रखते हुए जिस आशा और विश्वास के साथ श्रमिकों ने जनता पार्टी की सरकार की स्थापना की है, उस आशा और विश्वास को मन्त्री महोदय को पूरा करना होगा।

